
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 12 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।

Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# ऑकलैंड में भारतीय समुदाय ने पीएम नरेंद्र मोदी का किया भव्य स्वागत

## भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत का शानदार उत्सव देखकर बहुत खुशी हुई : पीएम मोदी

**वेलिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑकलैंड में भारतीय प्रवासियों की सराहना की और कहा कि वे पीढ़ियों और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए हुए हैं। भारतीय समुदाय भारत और न्यूजीलैंड के बीच मजबूत और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को भी और मजबूत कर रहा है। ऑकलैंड में आयोजित सामुदायिक स्वागत कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की झलकियां साझा करते हुए पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, शुक्रवार शाम ऑकलैंड में भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत का शानदार उत्सव देखकर बहुत खुशी हुई। कार्यक्रम में पंजाब और तमिलनाडु की संस्कृतियों की झलक देखने को मिली। इसके अलावा, कर्नाटक और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के मेल और 'वंदे मातरम' की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।



उन्होंने कहा, मैं अपने प्रवासी भारतीयों की सराहना करता हूं, जो पीढ़ियों और महाद्वीपों के पार भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए हुए हैं और भारत और न्यूजीलैंड के बीच लोगों के मजबूत रिश्तों को आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नाद वोकल एन्सेम्बल की संगीत प्रस्तुति की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां लोगों को जोड़ने का काम करती हैं और भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ती दोस्ती को दर्शाती हैं। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, नाद वोकल एन्सेम्बल की शानदार प्रस्तुति देखकर बहुत खुशी हुई। संगीत में लोगों को एक साथ जोड़ने की अनोखी ताकत होती है और आज की प्रस्तुति ने भारत-न्यूजीलैंड की दोस्ती की गर्मजोशी और गहराई को खूबसूरती से दिखाया।

प्रधानमंत्री का ऑकलैंड होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, स्वागत समारोह में भारत के अलग-अलग हिस्सों की शास्त्रीय संगीत और नृत्य परंपराओं की शानदार प्रस्तुतियां हुईं, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और विविधता को दिखाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्यूजीलैंड में भारतीय समुदाय की ओर से दिए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से वह भावुक हो गए। लोगों का उत्साह भारत के साथ प्रवासी भारतीयों के गहरे जुड़ाव को दिखाता है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, न्यूजीलैंड के भारतीय समुदाय का प्यार और अपनापन मुझे बहुत गहराई से छू गया। उन्होंने भारत के किसी प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए चार दशक तक इंतजार किया है और आज उनका उत्साह और गर्मजोशी साफ दिखाई दे रही थी। भारत के साथ उनका रिश्ता हमेशा मजबूत बना हुआ है।

# सरकार का आदेश- पहले वंदे मातरम् फिर जन-गण-मन होगा

■ 5 महीने में दूसरी बार निर्देश, राज्यों से कहा- सख्ती से पालन कराएं




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगान जन-गण-मन और राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को लेकर सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों को नए निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि नियमों में पहले से तय है कि किन कार्यक्रमों में दोनों को गाना या बजाना जरूरी है। मंत्रालय ने कहा कि एक ही कार्यक्रम में दोनों में से पहले वंदे और फिर जन-गण-मन होगा। जिन राज्यों में राज्य गीत होता है, वहां भी सीक्वेंस का पालन करना होगा। 9 जुलाई को सभी राज्यों और मंत्रालयों को पत्र भेजा गया, जिसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई है। सभी राज्यों से कहा गया है कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत हमेशा उनके असली शब्दों, सही उच्चारण और तय नियमों के अनुसार ही गाया और बजाया जाए। इसके लिए दोनों की ऑफिशियल कॉपी मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। इससे पहले 28 जनवरी को भी सरकार ने सभी राज्यों को यही आदेश दिया था। इसमें मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत में राष्ट्रगीत बजाया जाएगा।वंदे मातरम् के समय हर व्यक्ति को खड़ा होना होगा। राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे। इनकी कुल अवधि 3.10 मिनिट है। पहले दो अंतरे गाए जाते थे। सिनेमा हॉल को नए नियमों से दूर रखा गया है। यानी सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले वंदे मातरम बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा। अगर किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों को उस दौरान खड़ा होना जरूरी नहीं होगा।

# श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम : विधायक पुरन्दर



■ कुंदरा पारा में श्रमिकों को मिला अधिकारों का सुरक्षा कवच, विधायक पुरन्दर मिश्रा ने बांटे श्रम कार्ड

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुंदरा पारा में आयोजित श्रम कार्ड पंजीयन शिविर में विधायक पुरन्दर मिश्रा ने सहभागिता करते हुए श्रमिक भाइयों-बहनों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों को श्रम कार्ड वितरित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा सरकार द्वारा संचालित श्रमिक कल्याण योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि श्रम कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि श्रमिक परिवारों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है। इसके माध्यम से श्रमिक विभिन्न शासकीय योजनाओं, सुरक्षा एवं कल्याणकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार श्रमिकों के हितों के संरक्षण और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक पंजीयन कराया तथा श्रम कार्ड प्राप्त किए।

# भारत को अगले हफ्ते मिलेगी पहली हाइड्रोजन ट्रेन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने देश की पहली रोजाना चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन सेवा को मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन हरियाणा के जींद और सोनीपत के बीच चलेगी। 1200 किलोवाट हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलने वाली यह ट्रेन 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। रेलवे मंत्रालय के अनुसार, यह परियोजना साफ और एनर्जी रेल परिवहन की दिशा में बड़ा कदम है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सेवा ट्रेन संख्या 74010/74009 के रूप में चलेगी। ट्रेन जींद और सोनीपत के बीच कई स्टेशनों पर व्यावसायिक ठहराव करेगी। इनमें जींद सिटी, पांडू पिंडारा,



ललित खेड़ा, भांभेवा, ईशापुर खेड़ी, बुटाना, खंडराई, गोहाना, राभड़ा, लाठ, मोहाना, हरियाणा और बरवासनी स्टेशन शामिल हैं। रेलवे ने जून में दिल्ली और जींद के बीच हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल रन किया था। इस दौरान इमरजेंसी ब्रेकिंग दूरी और ट्रेन के कंपन जैसे महत्वपूर्ण टेक्निकल टेस्ट किया गया। इससे पहले मई में रेलवे ने उत्तरी रेलवे के जींद-सोनीपत सेक्शन पर 10 कोच वाली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन शुरू करने को मंजूरी दी थी।

रेल मंत्रालय के अनुसार, यह ट्रेन 1200 किलोवाट हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रोपल्शन सिस्टम से चलेगी और अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेगी। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक में हाइड्रोजन की केमिकल रिएक्शन से बिजली पैदा की जाती है। इस प्रक्रिया में केवल जलवाष्प निकलती है। यही वजह है कि इसे डीजल और अन्य ईंधन आधारित ट्रेनों का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जा रहा है। रेलवे ने इस पायलट परियोजना के लिए हरियाणा के जींद को चुना है। यहां स्वदेशी तकनीक से विकसित हाइड्रोजन भंडारण और रीफ्यूलिंग सुविधा तैयार की गई है।पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन ने संपीड़ित हाइड्रोजन गैस के भंडारण और वितरण के लिए आवश्यक लाइसेंस भी जारी कर दिया है। रीफ्यूलिंग के लिए हाइड्रोजन कंप्रेशन सिस्टम लगाया गया है और निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक स्टैंडबाय कंप्रेसर की भी व्यवस्था की जा रही है। इस परियोजना के शुरू होने के साथ भारत उन देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जो हाइड्रोजन आधारित रेल सिस्टम पर काम कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में दूरस्थ वनांचल गांवों तक पहुंच रही बुनियादी सुविधाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रदेश के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जशपुर जिले के जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित सीमांत ग्राम बिरहीपानी में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। अब गांव के सभी 129 घरों में नल के माध्यम से नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

घने जंगलों से घिरे और भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम इस गांव में लंबे समय तक मूलभूत सुविधाओं का समुचित विकास नहीं हो पाया था। जल जीवन मिशन से पहले ग्रामीण अपनी पेयजल आवश्यकताओं के लिए हैंडपंप, कुएं और ढोढ़ी जैसे पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर थे। गर्मी के मौसम में इन स्रोतों का जलस्तर घट जाने से पेयजल संकट गहरा जाता था और ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। असुरक्षित जल के उपयोग से जलजनित बीमारियों का खतरा भी बना रहता था। इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम बिरहीपानी में संगठित पाइप जल प्रदाय प्रणाली विकसित की गई।

# पुलिस लाईन कमिश्नरेट रायपुर में जनरल परेड का आयोजन

■ बलवा ड्रील का अभ्यास कराया गया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस लाईन कमिश्नरेट रायपुर में आयोजित जनरल परेड के दौरान श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, अमित तुकाराम काम्बले, भापूसे कमिश्नरेट रायपुर द्वारा परेड की सलामी ली गई। सलामी पश्चात् जनरल परेड के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के वेशभूषा



एवं एमटी शाखा के वाहनों का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात् मार्च पास्ट के उपरांत अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, महोदय कमिश्नरेट रायपुर के आदेशानुसार बलवा ड्रील का अभ्यास कराया गया।

# रायपुर में देवकीनंदन की कथा में लाखों का गोल्ड चोरी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर की श्रीमद्भागवत कथा रायपुर में चल रही है। 8 जुलाई को निकाली गई कलश यात्रा में चोरों ने महिला श्रद्धालुओं को निशाना बनाया। भीड़ का फायदा उठाकर 5 महिलाओं के गले से सोने की चेन चुरा ली। पीड़ित महिलाओं में संजय नगर निवासी ओमकुमारी वर्मा, अर्चना गुप्ता, सरस्वती अग्रवाल, लक्ष्मी



■ कलश यात्रा में 5 महिलाओं के गले से सोने की चेन पार

यदु और बासन साहू शामिल हैं। सभी महिलाएं पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर से इंडोर स्टेडियम तक निकली कलश यात्रा में शामिल हुई थीं। पीड़िता ओमकुमारी वर्मा का कहना है कि इन वारदातों के पीछे महिला गैंग का हाथ है। वहीं, अब मामले में सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।




# होता स्वयं जगत परिणाम : मुनि श्री आगम सागर जी महाराज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर के शंकर नगर स्थित श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान परम पूज्य मुनि श्री आगमसागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि मनुष्य को स्वयं को शरीर नहीं, बल्कि आत्मा मानकर जीवन जीना चाहिए। यह शरीर नश्वर है, जबकि आत्मा शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हम किसी के स्वामी नहीं है हम स्वयं अपनी आत्मा के कर्ताधर्ता हैं, इसलिए आत्मकल्याण के लिए आत्मस्वरूप का चिंतन और तत्त्वज्ञान आवश्यक है।

मुनिश्री ने कहा कि हमें अपने आप को सर्वज्ञ या पूर्ण सत्य का ज्ञाता नहीं मानना चाहिए। व्यक्ति के जीवन में वही बातें प्रभाव डालती हैं जो उसके अंतरंग में उतरी हों। केवल शब्दों से नहीं, बल्कि आचरण से जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है।

उन्होंने कहा कि जिनकी कथनी और करनी में अंतर होता है, उनकी बातों का प्रभाव भी कम हो जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सत्य, सरलता, आत्मचिंतन और संयम को अपनाना चाहिए। मुनि श्री ने



कहा संसार में रहते हुए भी मनुष्य को कमल के समान निर्लिप्त रहकर जीवन जीना चाहिए। यही आत्मोन्नति और मोक्षमार्ग का आधार है ऐसा ही जीवन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने जिया उन्होंने समाज को क्या कुछ नहीं दिया परंतु कभी भी उसमें लिप्त नहीं हुए। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, श्री दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर के सचिव अजय जैन ने बताया कि मुनिसंघ का प्रवास शंकर नगर जिनालय में चल रहा है, उनका मांगलिक प्रवचन प्रतिदिन प्रातः 7:45 मिनट से, आहार चर्या प्रातः 9:30 बजे से, दोपहर मे स्वाध्याय 3:00 बजे से तथा आचार्य भक्ति शाम 5:00 बजे तथा एलक धैर्य सागर जी महाराज द्वारा शाम को 7:30 बजे से धार्मिक सभा आयोजित रहेगी सभी धर्म लाभ लेवें।



# डॉ. वर्णिका शर्मा की बाल चौपाल 2.0 में बच्चों ने उठाई शिक्षा और बाल श्रम के खिलाफ आवाज

**सपेरा बस्ती के बच्चो ने खेली बाल अधिकारों पर सांप सीढ़ी**

**सिनोधा में बाल चौपाल, बाल विवाह न हो इस पर दिए सख्त निर्देश**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा की अध्यक्षता में तिल्दा-नेवरा के सिनोधा स्थित सपेरा बस्ती में बाल चौपाल का आयोजन किया गया। बाल चौपाल के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घुमंतू जीवनशैली एवं मुख्यधारा से अलग निवास करने के कारण सपेरा बस्ती के अनेक बच्चे शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। अधिकांश बच्चों का जन्म अस्पताल में न होने के कारण उनका जन्म प्रमाण पत्र, नियमित टीकाकरण, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं बन पाए हैं। इसके परिणामस्वरूप बच्चे शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने स्थानीय नागरिकों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आवश्यक दस्तावेज तैयार होने पर बच्चों के साथ-साथ पूरे परिवार को भी शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए प्रशासन के साथ सहयोग का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में सिनोधा के शासकीय मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी तथा बाल श्रम, बाल विवाह और गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर अपनी बात रखी। यह भी ज्ञात हुआ कि सपेरा समुदाय के कुछ परिवारों में बाल विवाह की परंपरा अब भी प्रचलित है। इस पर संज्ञान लेते हुए आयोग अध्यक्ष ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को बाल विवाह की रोकथाम, आवश्यक जांच तथा विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बजरंगी मरावी ने हिप-हॉप नृत्य, जानवी यादव ने जस गीत और चार वर्षीय सुनीता ने कहानी सुनाकर सभी का मन मोह लिया। इस बाल चौपाल का मुख्य आकर्षण बाल अधिकारों की जागरूकता पर आधारित सांप-सीढ़ी गतिविधि रही। सपेरा बस्ती में उनकी जीवनप्रणाली से जोड़कर सांप सीढ़ी का खेल बनाकर खिलाया गया । इस खेल के माध्यम से बच्चों को सरल एवं रोचक तरीके से उनके अधिकारों, अच्छी आदतों, शिक्षा के महत्व तथा बाल संरक्षण से जुड़े संदेश दिए गए। बच्चों को समझाया गया कि जिस प्रकार खेल में अच्छी चाल आगे बढ़ाती है और बुरी चाल पीछे ले जाती है, उसी प्रकार वास्तविक जीवन में भी अच्छे संस्कार, शिक्षा और सही निर्णय उन्हें सफलता की ओर ले जाते हैं, जबकि बुरी आदतें उनके भविष्य को प्रभावित करती हैं। डॉ वर्णिका शर्मा ने कहा है कि बाल चौपाल 2.0 का आयोजन निरंतर जारी रहेगा और इसके माध्यम से बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने और जमीनी समस्याओं को जानने की यात्रा आगे बढ़ती रहेगी।

# विष्णुदेव साय से मुलाकातः आभार ज्ञापित करते हुए गांड़ा समाज की मांगों का दिया पत्र

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शाम छत्तीसगढ़ राज्य श्रम कल्याण मंडल के नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्री किशोर महानंद ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी से मुलाकात की नये दायित्व छत्तीसगढ़ राज्य श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर श्री किशोर महानंद ने मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया

इस दौरान उन्होंने गांड़ा समाज की बहुप्रतीक्षित मुख्य मांग *जाति प्रमाण पत्र सहित नुआखाई छुट्टी* की तारिख पर त्रुटी सुधार एवं कुछ पीड़ीतों के लिए अनुदान सहायता राशि का मांग पत्र दिया

*माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी* ने बधाई देते हुए उनकी मांगों को सहर्ष स्वीकार किया एवं आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ये कार्य हो जाएंगे छात्रों के भविष्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध है



और नुआखाई गांड़ा समाज का प्रमुख पर्व है इस पर हमारी सरकार ने छुट्टी घोषित किया है

*इस भेंटवार्ता में मुख्य रूप से गांड़ा समाज के समाजजनों में भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बसंत बाघ महिला समाजसेविका भाजपा नेत्री श्रीमती सावित्री जगत अजा मोर्चा जिला महामंत्री श्री जीतू सागर गांड़ा समाज युवा नेता व भाजपा जवाहर नगर मंडल उपाध्यक्ष श्री चंदू बघेल जलदीप नायक भाजपा कार्यकर्ता हुरदा दीप युवा समाजजन प्रमोद महानंद वीर तांडी सावन कुमार अनूप कुमार विक्की छत्री व भूषण जी सुनिता जी उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने रायपुर में किया 'नेल्स बाय सकीना' का उद्घाटन, ओनर सकीना बानो को दीं शुभकामनाएं

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी के शंकर नगर स्थित एसबीआई (SBI) बैंक के पास 'नेल्स बाय सकीना' (Nails By Sakina) शोरूम का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस खास अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बसना विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने फीता काटकर विधिवत रूप से शॉप का शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद विधायक डॉ. अग्रवाल ने पूरे शोरूम का बारीकी से अवलोकन किया और शॉप की ओनर सकीना बानो को इस नई शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

शोरूम का मुआयना करने के बाद ओनर का हौसला बढ़ाते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि आप इसी तरह जीवन में आगे बढ़ें और निरंतर उन्नति करें। आज जब बेटियां अपने दम पर आगे बढ़ती हैं और आत्मनिर्भर बनती हैं, तो पूरे समाज को गर्व महसूस होता है।



मीडिया से औपचारिक चर्चा के दौरान विधायक डॉ. अग्रवाल ने फैशन के बदलते दौर पर बात करते हुए कहा कि आजकल नेल आर्ट का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। यह आज के समय का एक लोकप्रिय फैशन बन चुका है और हमारी युवा पीढ़ी वक्त के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती है। ऐसे में यह शॉप युवाओं की पसंद और फैशन संबंधी जरूरतों को पूरा करने में बेहद मददगार साबित होगी।

शोरूम की संचालिका सकीना बानो ने विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरा परम सौभाग्य है कि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल जी ने अपने व्यस्त समय में से वक्त निकाला और मेरे शोरूम का उद्घाटन कर मुझे आशीर्वाद दिया।

अपनी विशेषज्ञता और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए सकीना ने बताया कि उन्होंने नेल्स का प्रोफेशनल कोर्स दिल्ली और रायपुर से पूरा किया है। अब उनका लक्ष्य इस नेल एकेडमी को देश के विभिन्न शहरों में स्थापित करना और इसे सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च स्तरीय और प्रामाणिक सेवाओं के जरिए ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका एकमात्र उद्देश्य है।

गौरतलब है कि 'नेल्स बाय सकीना' शोरूम में ग्राहकों के लिए नेल आर्ट और एक्सटेंशन के अलावा कई तरह की प्रीमियम सुविधाएं और सामान उपलब्ध कराए गए हैं। यहाँ सभी प्रकार के फैंसी व ब्रांडेड पर्स, मोबाइल फोन पर्स, टेम्पल्स ब्रेसलेट, कल्चरस बैग, नेल एक्सेसरीज, की-रिंग, प्रीमियम वॉचेस और नामी कंपनियों के नेल पॉलिश सहित बेहतरीन वैरायटी की एक बड़ी रेंज एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। उद्घाटन समारोह में स्थानीय नागरिक और फैशन जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर 'नेल्स बाय सकीना' के पारिवारिक मित्रगण,पत्रकारगण सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

# कुक्कुर नदी में 7.75 करोड़ की लागत से हाई लेवल ब्रिज का भूमिपूजन

**नारायणपुर ( विश्व परिवार )।** जिले के ओरछा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंदला में कुंदला-कोहकामेटा मार्ग पर कुक्कुर नदी के ऊपर हाई लेवल ब्रिज निर्माण कार्य का वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा भूमिपूजन किया गया। यह कार्य आरसीपीएलडब्ल्यूई योजना के तहत लगभग ?7.75 करोड़ (?775.80 लाख) की लागत से कराया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन तथा कौशल विकास मंत्री श्री केदार कश्यप रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।



हाई लेवल ब्रिज के निर्माण से कुंदला, कोहकामेटा और आसपास के ग्रामीणों को वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से बरसात के मौसम में कुक्कुर नदी के कारण होने वाली आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान होगा। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि उपज के परिवहन तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच आसान होगी।

स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह परियोजना नक्सयेल प्रभावित क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना को मजबूत करने और ग्रामीणों के जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका के अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्य, नगर पालिका के पार्षदगण, कलेक्टर नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन गुड़िया, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, संयुक्त कलेक्टर डॉ सुमित गर्ग, सीएमएचओ डॉ. टी.आर. कुंवर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को मिली नई गति




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में प्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सूरजपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, सेफटच-अनसेफटच, नशे से बचाव, किशोर न्याय अधिनियम, यातायात नियमों तथा मासिक धर्म स्वच्छता पर जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि बाल विवाह कराना या उसमें सहयोग करना दंडनीय अपराध है तथा ऐसी किसी भी घटना की सूचना 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर दी जा सकती है।

इसके साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं, महिला सुरक्षा, कानूनी सहायता एवं परामर्श सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, शिक्षा जारी रखने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन एवं संबंधित संस्थाओं से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./32785/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 10-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 32785**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N00178** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JAI DURGA MULTI TRADE PVT.LTD. BY DIRECTOR - BIJENDRA KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUNSHI PRASAD SAVV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AVNI KUNDANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHARAT KUNDANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./33003/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 10-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33003**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445E00005** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SARDAR KAWALJEET SINGH TUTEJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TARANJEET SINGH TUETEJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJENDRA PRSAD DUBEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. SHIVDAYAL DUBEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./33122/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 10-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33122**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N01147** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL BHARAT SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISUN LAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KAMINI SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DILESHWAR SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.), फोन नं.-0771-2991574**
email Id- eocghbzone03@gmail.com

## आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खिलौरा, कॉलोनी, रायपुर** में निर्मित भवन **क्रमांक एल.आई. जी.-131 श्री विनय पाण्डेय पिता श्री मिथलेश पाण्डेय,** के नाम पर नामांतरित है। **श्री विनय पाण्डेय पिता श्री मिथलेश पाण्डेय,** द्वारा उक्त भवन की विक्रय विलेख **दिनांक 02.06.2021** को पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर इस कार्यालय का पत्र **क्रमांक 2222 दिनांक 04.08.2021** के माध्यम से नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में **श्री विनय पाण्डेय पिता श्री मिथलेश पाण्डेय,** निवासी **मकान नम्बर बी-4, फ्लैट नम्बर-11, चौहान ग्रीन वेली, जुनवानी रोड दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग ( छ.ग. )** द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री कुलदीप कुमार पिता श्री मंशाराम धृतलहरे, निवासी- वार्ड नम्बर-13, बस्तीपारा, मेहंदी, पामगढ़, मेहंदी बुंदेला, जांजगीर चांपा ( छ.ग. )** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202607221300016/ब-121 वर्ष 2025-2026 ग्राम-गरियाबंद, प.ह.नं. 10

## इश्तिहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **गोविन्द बघेल पिता रामलाल बघेल जाति गांड़ा निवासी ग्राम गरियाबंद, तहसील व जिला-गरियाबंद ( छ. ग. )** के द्वारा **ग्राम-गरियाबंद, प.ह.नं. 10 रा.नि.म. व तहसील व जिला गरियाबंद** में आवेदक अपने पिता रामलाल बघेल का मृत्यु **दिनांक 03.11.1998** को हो गया था जिसका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रदाय करने हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन पेश किया गया हैं।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / शासकीय / अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये **दिनांक 23.07.2026** तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज **दिनांक 08.07.2026** को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**गरियाबंद**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी **गुढियारी** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी.** योजना में से भवन क्र. **एल.आई.जी.-129, श्रीमती कुलदीप कौर पति श्री जसवीर सिंग** को भाड़ाक्रय आधार पर नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा **दिनांक 02.11.1993** को विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **1. श्रीमती ईश्वरी गायकवाड पति श्री हीरालाल गायकवाड 2. श्री मनीष गायकवाड पिता श्री हीरालाल गायकवाड** के पक्ष में **दिनांक 30.01.2025** को विक्रय कर दिया।

तद्रुपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन **क्रेता 1. श्रीमती ईश्वरी गायकवाड पति श्री हीरालाल गायकवाड 2. श्री मनीष गायकवाड पिता श्री हीरालाल गायकवाड** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **गुढ़ियारी कालोनी रायपुर में निर्मित LIG** योजना में से भूखण्ड भवन क्रमांक - **LIG-167 श्रीमती जी सत्यवती पति श्री जी. बी. के. रंगा राव** को आबंटित/नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी नामांतरी द्वारा **दिनांक 27/11/1995** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

मूल आबंटी/नामांतरी की **मृत्यु दिनांक 07/08/2021** को हो जाने के कारण श्री **गोडबा वेंकट एवं श्री जी शशीधर नारायण पिता स्व श्री जी. बी. के. रंगा राव एवं श्री जी. शशीधर** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों ( **श्रीमती नागुरू लक्ष्मी वसुंधरा पिता स्व. श्री जी. बी. के. रंगा राव** ) की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्री गोडबा वेंकट नारायण एवं श्री जी. शशीधर पिता स्व. श्री जी. बी. के. रंगा राव एवं श्री जी. शशीधर** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कोटा कालोनी रायपुर में निर्मित ए टाईप भवन योजना अंतर्गत, दुकानों भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड भवन क्रमांक - **A-97 श्री राजेन्द्र आचारी** पिता **स्व. श्री व्ही. पी. आचारी** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 01/03/1994** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 23/06/2026** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री/ **श्रीमती शीतू राजपूत पिता/पति श्री शिव शंकर राजपूत** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कॉलोनी कबीर नगर फेस - II रायपुर** में केबीटी योजना में से **भवन/भूखण्ड क्रमांक MIG - (KBT) 274 श्रीमती नूतन श्रीवास्तव पति श्री प्रमोद श्रीवास्तव** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय/एकमुश्त/ऑफर आधार पर आबंटित/ नामांतरण किया गया है। उनके द्वारा **दिनांक 10/04/2007** को लीजडीड/सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटि द्वारा उक्त भवन **श्रीमती मनीषा देवी पति श्री मृत्युजय कुमार चौबे** के पक्ष में **दिनांक 29/04/2025** को विक्रय कर दिया।

तद्युपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता **श्रीमती मनीषा देवी पति श्री मृत्युजय कुमार चौबे** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /33043/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33043**
**वार्ड का नाम- 69 - माधव राव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C01308** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KRISHNA KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM AVATAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAGESHWAR PRASAD NIRMALKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOTI LAL NIRMALKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./33111/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2025
रायपुर, दिनांक 10-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33111**
**वार्ड का नाम-37 - शहीद चूडामणी नायक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR516B00205** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHYAM KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BALDAU PRASAD VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KASHISH BAJAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI SURENDRA BAJAJ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री डॉ. तृप्ति पाणिग्राही**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# महुली उप स्वास्थ्य केंद्र पर लटका ताला, 20 किलोमीटर दूर से पहुंचे मरीज लौटे बैरंग

### बाइक एंबुलेंस बंद, डॉक्टर नहीं, दवाइयों का अभाव; आदिवासी अंचल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-सूरजपुर जिले के दूरस्थ एवं पहाड़ी आदिवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। महुली उप स्वास्थ्य केंद्र, जो आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीणों के लिए प्राथमिक उपचार का प्रमुख केंद्र है, गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे ताला बंद मिला। इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचे मरीज घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र बंद होने के कारण उन्हें बिना उपचार के वापस लौटना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के दावे करती है, लेकिन महुली उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है। पहाड़ी और वनांचल क्षेत्र के गरीब आदिवासी परिवारों के लिए समय पर इलाज आज भी बड़ी चुनौती बना हुआ है।

**20 किलोमीटर दूर से पहुंचे मरीज, नहीं मिला इलाज-** इलाज कराने पहुंचे कई मरीज लगभग 20 किलोमीटर दूर से महुली आए थे। किसी के बच्चे को चोट लगी थी तो कोई बुखार और अन्य बीमारियों से परेशान था। लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका होने के कारण सभी मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें बिहारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या मध्यप्रदेश के बैढ़न जाकर इलाज कराना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ जाते हैं।

**बाइक एंबुलेंस कभी बनी थी ग्रामीणों की जीवनरेखा-** सरकार ने दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर महुली उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए बाइक एंबुलेंस उपलब्ध कराई थी। उस समय जिला प्रशासन ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया था और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया था। समाचार पत्रों में भी इस पहल को प्रमुखता से प्रकाशित



किया गया था।

ग्रामीणों के अनुसार बाइक एंबुलेंस के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को समय पर स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया जाता था। खराब सड़क और जंगल-पहाड़ वाले क्षेत्र में यह सेवा लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं थी।

**अब बंद हो गई बाइक एंबुलेंस सेवा-** ग्रामीणों का आरोप है कि अब बाइक एंबुलेंस सेवा पूरी तरह बंद हो चुकी है। एंबुलेंस का ढांचा हटाकर बाइक का उपयोग अन्य कार्यों में किया जा रहा है, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा समाप्त हो गई है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**दवा नहीं, डॉक्टर नहीं, मरीजों को निजी अस्पताल जाने की सलाह-** ग्राम चोगा निवासी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि वह अपने घायल बच्चे का इलाज कराने महुली उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। वहां मौजूद नर्स ने बताया कि केंद्र में दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं और उन्हें निजी अस्पताल में इलाज कराने या बिहारपुर जाने की सलाह दी गई। मजबूरी में उन्हें अपने बच्चे का इलाज कराने मध्यप्रदेश के बैढ़न जाना पड़ा।

**सिर्फ एक नर्स के भरोसे पूरा उप स्वास्थ्य केंद्र-** महुली उप स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान में जीवनदीप समिति के माध्यम से केवल एक नर्स की तैनाती है। डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीजों की जांच, दवा लिखना, इंजेक्शन लगाना, सलाइन चढ़ाना तथा अन्य आवश्यक उपचार नहीं हो पाते। नर्स केवल सामान्य टैबलेट और सिरप उपलब्ध करा सकती है।

**पहले भी उठते रहे हैं सवाल-** महुली उप स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति पहले भी कई बार समाचारों में प्रकाशित हो चुकी है। डॉक्टरों की कमी, दवाइयों का अभाव, स्वास्थ्य कर्मियों की अनुपस्थिति और बाइक एंबुलेंस सेवा बंद होने जैसे मुद्दों पर लगातार सवाल उठते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी का पक्ष-** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर के प्रभारी डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि महुली उप स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति के माध्यम से एक नर्स की तैनाती की गई है, जो सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ओपीडी संचालित करती है। जिस समय स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला, उस समय नर्स भोजन के लिए गई हुई थी। उन्होंने यह भी बताया कि बाइक एंबुलेंस मॉडल उस क्षेत्र में सफल नहीं रहा, इसलिए उसके संसाधनों का उपयोग चिकित्सा कार्यों में किया जा रहा है। प्रसव के मामलों में गर्भवती महिलाओं को एक-दो दिन पहले स्वास्थ्य केंद्र बुलाकर सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था की जाती है।

**ग्रामीणों ने की जांच और कार्रवाई की मांग-** क्षेत्र के ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों, जिला प्रशासन एवं सूरजपुर कलेक्टर से महुली उप स्वास्थ्य केंद्र की तत्काल जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर आवश्यक कार्रवाई करने, नियमित डॉक्टर की नियुक्ति, पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता, बंद पड़ी बाइक एंबुलेंस सेवा को पुनः शुरू करने तथा आदिवासी अंचल के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो दूरस्थ क्षेत्र के गरीब परिवारों को इलाज के अभाव में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन में सरगुजा संभाग का एक भी सदस्य शामिल नहीं

### संभाग के अनुसूचित जाति वर्ग का भाजपा सरकार ने किया अपमान : शशि सिंह



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर अनुसूचित जाति वर्ग की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य सरकार के हालिया फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि सरगुजा संभाग के अनुसूचित जाति समाज को योजनाबद्ध तरीके से प्रतिनिधित्व से वंचित किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग के गठन में सरगुजा संभाग से किसी भी प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया गया, जो पूरे संभाग के अनुसूचित जाति समाज का अपमान है।

कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शशि सिंह ने जारी बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में गठित अनुसूचित जाति आयोग में सरगुजा संभाग को प्रतिनिधित्व नहीं देकर भाजपा ने इस क्षेत्र के अनुसूचित जाति समाज की उपेक्षा की है।

शशि सिंह ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है, बल्कि लगातार ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं जिनसे अनुसूचित जाति वर्ग की भागीदारी कमजोर होती दिखाई दे रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए एक भी वार्ड आरक्षित नहीं किया गया, वहीं प्रेमनगर नगर पंचायत में अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षित वार्ड को भी समाप्त कर दिया गया। उनका आरोप है कि यह सब योजनाबद्ध तरीके से किया गया है, जिससे समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सीमित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रवैया उसके अनुसूचित जाति समाज के प्रति दृष्टिकोण को उजागर करता है। कांग्रेस हमेशा सामाजिक न्याय और सभी वर्गों की समान भागीदारी की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जाति समाज को सम्मान देते हुए अनुसूचित जाति आयोग तथा अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण में समाज के प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी थीं।

शशि सिंह ने कहा कि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के दौरान उन्हें अनुसूचित जाति समाज के लोगों के बीच जाने और उनकी समस्याओं को निकट से समझने का अवसर मिला। समाज के लोगों की अपेक्षा केवल सम्मानजनक प्रतिनिधित्व और विकास में समान भागीदारी की है, लेकिन वर्तमान सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अनुसूचित जाति समाज के साथ मजबूती से खड़ी है और भविष्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर समाज को उचित सम्मान, प्रतिनिधित्व और अधिकार सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही अनुसूचित जाति समाज के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए पूर्व की तरह ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

# सूरजपुर पुलिस ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया वृहद एकता वृक्षारोपण




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सूरजपुर पुलिस द्वारा जिलेभर में वृहद एकता वृक्षारोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालयों, पुलिस लाईन व 23 थाना-चौकी परिसर में 1000 से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं जनसहभागिता का संदेश दिया। अभियान के दौरान एएसपी योगेश देवांगन, पुलिस राजपत्रित अधिकारी सहित थाना-चौकी प्रभारियों व जवानों के द्वारा बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर लगाए गए ये एकता वृक्ष आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। प्रत्येक पौधे की देखभाल का संकल्प लेते हुए सभी पुलिस अधिकारी व जवानों ने इन्हें नियमित रूप से सुरक्षित एवं विकसित करने का भी वचन दिया। वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ हवा, जल संरक्षण, जैव विविधता और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी हैं। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

# बाल विवाह, बालिका शिक्षा एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हुआ आयोजन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर द्वारा कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश पर जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है किसी के अंतर्गत शहर के नवापारा स्थित कन्या हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने बाल विवाह मुक्त सूरजपुर अभियान की जानकारी दी बच्चियों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह केवल अभिशाप ही नहीं बल्कि अपराध है की जानकारी भी देंगे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले थे सहयोग करने वाले आयोजन करने वाले संपन्न करने वाले सभी को 02 वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपए जुर्माना सजा की भी जानकारी दी गई साथ ही कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर टोल फ्री नंबर 1098 में देने का आह्वान किया गया बच्चियों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी जिसे अब सैफटच अनसेफटच भी कहा जाता है की विस्तृत जानकारी बच्चों को दी गई। स्पष्ट रूप से उन्हें बताया गया कि वे पूरी तरह से सावधान रहें कहीं भी कोई गलत तरीके से यदि बात करता है उसकी सूचना अपने टीचर या टोल फ्री नंबर पर या अपने पेरेंट्स को दे बच्चियों को नशा के संबंध में भी जानकारी दी गई किशोर न्याय अधिनियम की धारा 77 में 78 के संबंध में विस्तृत जानकारी दीजिए और बताया गया की 18 वर्ष से कम उम्र की किसी भी बच्चे को यदि नशा बेचने या खरीदने का कार्य कराया जाता है तो उन्हें ?100000 जुर्माना या 02 साल की सजा का प्रावधान एक्ट में दिया गया है। इसका उद्देश्य मात्र बच्चों को नशा से दूर रखना है बच्चों को यातायात अधिनियम की भी जानकारी दी गई महिला सशक्तिकरण की फरजाना ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने वाले सावधानियां के संबंध में विस्तृत चर्चा दी उन्होंने कहा कि लड़कियों को स्वच्छता के ऊपर विशेष ध्यान देना चाहिए महिला सशक्तिकरण हब की जेंडर विशेषज्ञ सलोनी कुजूर ने सखी वन स्टाफ केंद्र की सारी व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी दें उन्होंने कहा सचिन मिनिस्टर ऑफ सेंटर में महिलाओं को पांच प्रकार की सुविधा प्रदान की जाती है जहां सभी कर्मचारी महिलाएं हैं और उन्हें सभी प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाता है।

# ए.आई पोर्ट्रेट कैमरा और ए.आई रीमिक्स कोलाज वाला ओप्पो इंडिया रेनो 16 सीरीज

**नई दिल्ली:** आज ओप्पो इंडिया ने अपनी रेनो 16 सीरीज लॉन्च की। इस सीरीज में भारत के पहले होलोवर्स 3डी डिजाईन, 50 मेगापिक्सल के मेन और 3.5एक्स टेलीफोटो लेंस वाले ए.आई पोर्ट्रेट कैमरा, नैचुरल टोन इमेजिंग और ऑल-फोकल-लेंथ 4के 60एफपीएस एचडीआर वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ दो स्मार्टफोन रेनो 16 और रेनो 16सी पेश किए गए हैं। ये स्मार्टफोन युवाओं के लिए बनाए गए हैं। गोल्डी पटनायक, हेड, पीआर एंड कम्युनिकेशंस, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''आज की पीढ़ी के लिए स्मार्टफोन केवल एक डिवाईस नहीं है, बल्कि उनकी क्रिएटिविटी दिखाने और कहानियों एवं व्यक्तित्व को कैप्चर करने के लिए हमेशा उनके साथ रहने वाला कंपेनियन भी है। रेनो सीरीज हमेशा से ट्रेंडसेटिंग डिजाईन के साथ बेहतरीन इनोवेशन पेश करती आई है। यह सीरीज वैसे ही आगे बढ़ी है, जैसे युवा क्रिएट और कनेक्ट करते हैं।

# शासकीय महाविद्यालय में वायुसेना भर्ती कार्यशाला संपन्न विद्यार्थियों को मिला उज्ज्वल कैरियर का मार्गदर्शन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, सूरजपुर द्वारा आज शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय/पॉलिटेक्निक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सूरजपुर में वायुसेना भर्ती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय वायु सेना मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) के अधिकारी श्री राजीव खटाना एवं श्री योगेश बेलवाल द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में उपलब्ध रोजगार एवं कैरियर के अवसरों, भर्ती प्रक्रिया तथा आवश्यक योग्यताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को इस दिशा में विशेष कैरियर मार्गदर्शन एवं जागरूकता प्रदान करना था।

कार्यक्रम में वायु सेना के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना की गौरवशाली परंपरा, राष्ट्र की सुरक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा अनुशासन, समर्पण और देशसेवा के मूल्यों से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना युवाओं को सम्मानजनक कैरियर, आधुनिक तकनीक के साथ कार्य करने का अवसर, उत्कृष्ट प्रशिक्षण तथा उज्ज्वल भविष्य प्रदान करती है।




कार्यशाला के दौरान अग्निवीर वायु सेना सहित अन्य भर्ती योजनाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, शारीरिक एवं चिकित्सीय मानक, लिखित परीक्षा, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, शारीरिक दक्षता, दस्तावेज़ सत्यापन तथा मेडिकल परीक्षण जैसी सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करना होता है।

अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समझाया कि गणित, विज्ञान एवं अंग्रेज़ी विषयों की अच्छी तैयारी, शारीरिक फिटनेस, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने, आधिकारिक अधिसूचनाओं पर नज़र रखने तथा केवल आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदन करने की सलाह दी।

कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण, वेतन, सेवा अवधि, पदोन्नति, उच्च शिक्षा के अवसर तथा भविष्य की संभावनाओं से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। अधिकारियों ने सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देते हुए विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में शामिल होकर राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यशाला से विद्यार्थियों में भारतीय वायु सेना के प्रति उत्साह एवं जागरूकता में वृद्धि हुई तथा उन्हें अपने कैरियर के संबंध में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। ऐसे आयोजन युवाओं को सही मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राशनकार्ड हितग्राहियों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-सूरजपुर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के लिए ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिले में वर्तमान में कुल 02 लाख 52 हजार 266 राशनकार्ड प्रचलित हैं, जिनमें 07 लाख 96 हजार 426 सदस्यों के नाम दर्ज हैं। इनमें से 07 लाख 33 हजार 28 सदस्यों की ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जबकि 62 हजार 729 हितग्राहियों द्वारा ई-केवायसी नहीं करायी गयी है। समय पर प्रक्रिया पूर्ण न होने की स्थिति में माह जुलाई 2026 के खाद्यान्न वितरण पर अवरोध उत्पन्न हो सकता है। खाद्य विभाग के अनुसार शेष हितग्राहियों में 25 हजार 491 सदस्य ऐसे हैं जिनकी आयु 05 वर्ष से कम है और जिन्हें ई-केवायसी से छूट प्रदान की गई है। वहीं 37 हजार 907 सदस्य 05 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जिन्हें शासन स्तर से निर्धारित प्रक्रिया के तहत ई-पॉस मशीन में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अथवा फेस ई-केवायसी के माध्यम से 15 जुलाई 2026 तक अपनी ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रक्रिया शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर अथवा मोबाइल एप के माध्यम से पूरी की जा सकती है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 15 जुलाई 2026 तक ई-केवायसी पूर्ण नहीं कराने वाले हितग्राहियों को भविष्य में राशन प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने समस्त हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में अपनी ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि आगे किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि ई-केवायसी के माध्यम से वास्तविक एवं पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी। इस प्रक्रिया से फर्जी, मृत, स्थानांतरित अथवा अपात्र व्यक्तियों के नाम सूची से हटाए जा सकेंगे, जिससे शासकीय खाद्यान्न का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच सकेगा। उन्होंने बताया कि हितग्राही अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान पर अथवा स्वयं ''मेरा ई-केवायसी'' ऐप के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते हैं। विभाग ने अपील करते हुए कहा है कि सभी पात्र हितग्राही 15 जुलाई 2026 से पूर्व अपनी ई-केवायसी प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें, ताकि राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### जमीन और पानी निकासी विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों से मारपीट में दर्जनभर घायल

**बिलासपुर।** जिले के कोनी थाना क्षेत्र के सेमरताल भदोरिया खार बरपाली गांव में जमीन और पानी निकासी के पुराने विवाद ने एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया। दो पड़ोसी परिवारों के बीच हुए विवाद में जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे महिला और पुरुषों सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस के अनुसार, एक पक्ष के हरवंश राजू लोनिया ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि पड़ोसी हरीशानंद, परमानंद, संतोषानंद और उनके बेटों ने सड़क पर मिट्टी डालकर पानी निकासी का रास्ता बंद कर दिया था। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर उनके घर में घुसकर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के हरीशानंद लोनिया ने भी कोनी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि वह अपने आंगन में मौजूद थे, तभी पड़ोसी राजेश, राजू, भानू और बैसाखूराम लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में उनके परिवार के कई लोगों को चोटें आई हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। कोनी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की काउंटर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### बालको ने ऐश डाइक में किया आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने ऐश डाइक-2 (जामबहार गांव, एचटी टॉवर क्षेत्र) में आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया। अभ्यास का उद्देश्य डाइक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली की प्रभावशीलता का आकलन करना एवं विभिन्न टीमों की आपदा प्रबंधन तैयारियों को परखना था। मॉक ड्रिल के दौरान भारी बारिश और बादल फटने जैसी स्थिति के कारण डाइक के ऊपर से पानी बहने और उसके क्षतिग्रस्त होने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। घटना की सूचना मिलते ही आपातकालीन सायरन बजाया गया और साइट इमरजेंसी प्लान के अनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई तुरंत शुरू कर दी गई।

## संपादकीय

## फर्क को पाट पाएंगे

ईरान और यूएई के प्रतिनिधियों में हुई झड़प मिसाल है कि बदली विश्व परिस्थितियों के बीच ब्रिक्स+ के सदस्य ना सिर्फ अलग धरातल पर खड़े हैं, बल्कि वे परस्पर विरोधी रुख भी खुलेआम अपना रहे हैं। ब्रिक्स+ देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की नई दिल्ली में हुई बैठक एक बार फिर इस समूह के अंदर गहरा रहे मतभेदों को उजागर कर गई। बैठक के दौरान ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधियों की बीच हुई झड़प मिसाल है कि बदली विश्व परिस्थितियों के बीच ब्रिक्स+ के सदस्य देश ना सिर्फ अलग धरातल पर खड़े हैं, बल्कि अब वे परस्पर विरोधी रुख भी खुलेआम अपना रहे हैं। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार घादिर निजामीपुर ने अपने देश पर अमेरिका और इजराइल के हुए हमले में सक्रिय भूमिका निभाने का आरोप यूएई पर लगाया। जबकि यूएई ने ईरान पर उसे अनुचित निशाना बनाने का इल्जाम मढ़ा। इससे ब्रिक्स+ में सर्व-सहमत दृष्टिकोण उभरने की संभावना और कम हो जाने के संकेत मिले हैं। मेजबान भारत की सहानुभूति यूएई के साथ अधिक है, जिसके इजराइल और अमेरिका से बेहतर रिश्ते हैं। दूसरी तरफ चीन और ईरान के प्रतिनिधियों की द्विपक्षीय बैठक से साफ हुआ कि वे दोनों देश बदल रहे वैश्विक समीकरणों के बीच समान धरातल पर खड़े हैं। ऐसे में ब्रिक्स+ की बैठक का असल महत्त्व इस मौके पर हुई द्विपक्षीय वार्ताएं ही रहीं। इनमें एक खास मौका राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल और चीन के विदेश मंत्री (जो वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी हैं) वांग यी की मुलाकात रहा। डोवाल और वांग सीमा विवाद पर अपने- अपने देशों के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। दोनों ने भारत- चीन संबंध के ताजा हाल की समीक्षा की। इसी तरह की द्विपक्षीय वार्ताएं अन्य देशों के प्रतिनिधियों के बीच भी हुईं। इस रूप में नई दिल्ली में उनका जुटना सार्थक रहा। बहरहाल, जहां तक ब्रिक्स+ का प्रश्न है, तो उसके महत्त्व और भूमिका को लेकर भले जो कहा जाता हो, लेकिन असल में यह समूह दिशाहीनता का शिकार होता नजर आ रहा है। इसी बात के संकेत पिछले महीने ब्रिक्स+ विदेश मंत्रियों की बैठक में भी मिले थे। सितंबर के मध्य में जब ब्रिक्स+ शिखर सम्मेलन होगा, तो उसमें कोई अलग नजारा होगा या इन देशों के सर्वोच्च नेता नजरिए में फर्क को पाट पाएंगे, इसकी संभावना भी कम ही है।

# पारिवारिक और सामाजिक पुनर्वास की मानवीय पहल

उमेश चतुर्वेदी

देश के एक तिहाई जिलों पर लाल आतंक के रूप में कुख्यात रहा नक्सलवाद अब आखिरी सांसें गिन रहा है। गृहमंत्री अमित शाह के दावे के मुताबिक, 31 मार्च 2026 तक देश तकरीबन नक्सलमुक्त हो चुका है। इस दौरान सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ज्यादातर बड़े नक्सली कमांडर मारे जा चुके हैं, या कई ने आत्मसमर्पण कर दिया है। अभी हाल ही में पिता दिवस गुजरा है। इस दिन सोशल मीडिया समेत तमाम जगहों पर हुई चर्चाओं में एक बात प्रमुखता से छायी रही। ऐसा कहा गया कि पिता बनने के बाद लोगों की शख्सियत में बदलाव आ जाता है। चूंकि जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं, लिहाजा इन दायित्वों के चलते कठोर से कठोर हृदय वाला व्यक्ति भी नरम हो जाता है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने जब पूर्व नक्सलियों की जबरिया कराई गई नसबंदी को खोलने वाले जटिल ऑपरेशन को हरी झंडी दिखाई, पता नहीं, उसके दिमाग में यह तथ्य था या नहीं। लेकिन उसकी इस कोशिश से कभी इंन्सानी खून से लाल रही बस्तर की धरती के कई आंगन किलकारियां गूंज रही हैं। देश के एक तिहाई जिलों पर लाल आतंक के रूप में कुख्यात रहा नक्सलवाद अब आखिरी सांसें गिन रहा है। गृहमंत्री अमित शाह के दावे के मुताबिक, 31 मार्च 2026 तक देश तकरीबन नक्सलमुक्त हो चुका है। इस दौरान सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ज्यादातर बड़े नक्सली कमांडर मारे जा चुके हैं, या कई ने आत्मसमर्पण कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2700 नक्सली आत्म समर्पण कर चुके है। इन पूर्व नक्सलियों के पुनर्वास के लिए केंद्रीय सहयोग के साथ नक्सल प्रभावित राज्यों की सरकारें कई सारी योजनाएं चला रही हैं। नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित रहे छत्तीसगढ़ और झारखंड में आर्थिक सहयोग, रोजगार, घर आदि की सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे नक्सलियों के पुनर्वास को गति मिली है। लेकिन पूर्व नक्सलियों के पुनर्वास कार्यक्रमों में एक अनूठी मुहिम चलाई जा रही है। यह विशेष मुहिम सिर्फ छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ही चला रही है। इस मुहिम को पारिवारिक और सामाजिक पुनर्वासन कहा जा सकता है। दरअसल नक्सली संगठनों में फील्ड कार्य कर रहे नक्सलियों के लिए अमानवीय प्रथा थी। फील्ड में काम कर रहे कम उम्र के नक्सलियों की अमानवीय तरीके



से जबरिया नसबंदी करा दी जाती थी, ताकि नक्सली कार्य करते वक्त वे अपना परिवार न बढ़ा सकें। नक्सली संगठनों में महिला नक्सली भी सक्रिय थीं, उनके बीच रिश्ते पनपने संभव थे। लेकिन उन रिश्तों से बच्चे ना हों, इसलिए पुरूष नक्सलियों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए मजबूर किया गया। जिनमें बहुत सारे नक्सलियों की उम्र बेहद कम थी। लेकिन सरकारी मुहिम के बाद जब उन्होंने आत्मसमर्पण किया तो उनके मन में भी परिवार बसाने और अपने घर-आंगन में किलकारी गूंजने की चाहत जगी। चूंकि इनकी नसबंदी हो चुकी थी, लिहाजा इन्हें मन-मसोस कर रह जाना पड़ता था। छत्तीसगढ़ सरकार इन्हीं समर्पित प्रजनन उम्र वाले नक्सलियों के लिए पारिवारिक तौर पर ज्यादा सक्रिय होने के लिए यह मानवीय पहल शुरू की है। पशुपति यानी नेपाल से लेकर तिरूपति यानी आंध्र के जंगली गलियारे तक तूती बोलने के दौर में छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित था। खूंखार नक्सलियों के लिए कुख्यात इसी बस्तर संभाग से छत्तीसगढ़ सरकार ने मानवीय पहल शुरू की है। इसके तहत प्रजनन की उम्र वाले उन नक्सलियों का रिवर्स वैसेक्टॉमी शुरू किया है। नसबंदी करा चुके लोगों के लिए रिवर्स वासेक्टॉमी एक तरह से उनकी नसों को फिर से खोलने और उन्हें प्रजनन योग्य बनाने की जटिल प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने इस अनूठी पहल को यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के विशेषज्ञों की मदद से शुरू किया है। 14 जून तक के आंकड़ों के अनुसार, दो चरणों में 73 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी खोलने का ऑपरेशन पूरा किया जा चुका है। पहले चरण में 33 पूर्व नक्सलियों को खुशहाल जिंदगी गुजारने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया तो दूसरे चरण में 40 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी को खोला गया। पहले चरण में जिन 33 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी खोलने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, उनमें से 27 के आंगन किलकारियों से गूंज रहे हैं। बस्तर के पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के अनुसार, बस्तर के एक पूर्व नक्सली के घर दो महीने पहले ही बच्ची का जन्म हो चुका है। उस पूर्व नक्सली का परिवार इस बच्ची के साथ अपना पारिवारिक जीवन आनंद से बिता रहा है। इतिहास आमतौर नसबंदी खोलने के इस जटिल ऑपरेशन के लिए बड़े शहरों और महानगरों के सुविधा संपन्न अस्पतालों में जाना पड़ता है। लेकिन यह पहला मौका है, जब छत्तीसगढ़ के दूर-दराज के बस्तर संभाग में स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर इस जटिल ऑपरेशन प्रक्रिया को सफलता के साथ अंजाम तक पहुंचाया गया। इस पहल में बस्तर के जिला प्रशासन के साथ ही बस्तर पुलिस और यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के पश्चिमी जोन की बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका रही। यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और इंदौर निवासी डॉक्टर राजेश कुकरेजा का कहना है कि बस्तर जैसे इलाके में इतने बड़े स्तर पर नसबंदी खोलने का सफल ऑपरेशन किया जाना चिकित्सा क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि है। इस ऑपरेशन की शुरूआत जगदलपुर के महारानी अस्पताल में की गई। इसके लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए। जगदलपुर के जिला अस्पताल में नसबंदी खोलने के विशेष शिविरों में देश के जाने माने यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुशील राठी, डॉ. ललित शाह एवं डॉ. योगेश बरापात्रे सहित इंदौर के डॉ. राजेश कुकरेजा, पुणे के डॉ. सागर भालेराव और डॉ. राहुल, महाराष्ट्र के नांदेड़ के डॉ. अभिषेक, मुंबई के डॉ. निनाद तंबोली और डॉ. पार्थ मानेक के साथ ही रायपुर के डॉ. राहुल कपूर एवं डॉ. घनश्याम हटवार की टीम ने पूर्व नक्सिलियों का सफल ऑपरेशन किया है। इनके सहयोग के लिए छह स्थानीय डॉक्टरों सहित करीब 50 सदस्यों वाली मेडिकल टीम जुटी रही। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल बाकी राज्यों द्वारा नक्सलियों के आर्थिक और जमीनी पुनर्वास नीति से अलग है। विष्णुदेव साय सरकार की इस मानवीय पहल की प्रशंसा मेडिकल जगत के साथ ही समाजविज्ञानी भी कर रहे हैं। इस पहल के तहत शारीरिक और मेडिकल जांच के साथ ही प्रजनन योग्य पाए जाने वाले नक्सलियों के ही ऑपरेशन किए जाते हैं। इनमें चालीस साल तक की उम्र वाले पूर्व नक्सलियों को ही प्राथमिकता दी जाती है। जगदलपुर के महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर संजय प्रसाद के मुताबिक, राज्य सरकार की पहल पर जल्द ही तीसरे चरण का भी शिविर लगाने की तैयारी है, जिसमें दो दर्जन से ज्यादा पूर्व नक्सलियों के ऑपरेशन किये जायेंगे। छत्तीसगढ़ की यह मानवीय पहल समर्पित नक्सलियों को ना सिर्फ अपने समाज, बल्कि परिवार से भी जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह पहल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा रणनीति से आगे बढ़कर विश्वास निर्माण और सामाजिक-मानवीय पुनर्वास मॉडल के रूप में आगे आ रहा है। ये 73 ऑपरेशन महज चिकित्सकीय आंकड़ा नहीं है, बल्कि इन परिवारों की उम्मीद और सामान्य जीवन की ओर आगे बढ़ने का भी प्रतीक है। उम्मीद की जानी चाहिए कि झारखंड और दूसरे नक्सल प्रभावित राज्यों की सरकारें भी इस पहल से प्रेरित होंगी।

## आलेख

## आधुनिक तकनीक से वन संरक्षण को नई दिशा

धनंजय राठौर

ऑटोमेटेड फॉरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम एक उन्नत तकनीक है जो जंगलों में आग लगने की घटनाओं का तुरंत पता लगाकर संबंधित अधिकारियों को सूचित करती है। भारत में, भारतीय वन सर्वेक्षण और विभिन्न राज्य वन विभाग फोरेस्ट फायर अलर्ट एंड मानिटरिंग सिस्टम सैटेलाइट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। जंगल की आग को ध्यान में रखते हुए श्फोरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम संस्करण 2.0श् लाया गया है और पूरी प्रक्रिया को स्वचालित बना दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार वन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग कर रही है। इसी दिशा में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विकसित ऑटोमेटेड फॉरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण सुनिश्चित कर रहा है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में विकसित यह तकनीक वन विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक तेज, प्रभावी और पारदर्शी बना रही है। इससे वन संपदा, वन्यजीवों और जैव विविधता की सुरक्षा को नई मजबूती मिली है। पहले वनाग्नि की जानकारी प्राप्त करने और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने में एक से दो घंटे का समय लग जाता था। इस दौरान आग कई बार बड़े क्षेत्र में फैल जाती थी। अब नई स्वचालित प्रणाली के माध्यम से यह पूरी प्रक्रिया केवल 5 से 10 मिनट में पूरी हो जाती है। इससे समय रहते आग पर नियंत्रण संभव हो रहा है। यह प्रणाली अत्याधुनिक उपग्रह तकनीक पर आधारित है। उपग्रह जंगलों में तापमान में होने वाले असामान्य बदलाव की पहचान करता है। वैज्ञानिक विश्लेषण के बाद आग की पुष्टि होने पर संबंधित वन मंडल, रेंज और बीट स्तर के अधिकारियों को तत्काल एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से अलर्ट भेज दिया जाता है। वन विभाग ने इस प्रणाली को जीआईएस आधारित रियल टाइम डैशबोर्ड से जोड़ा है। इसके माध्यम से अधिकारी वनाग्नि की घटनाओं पर लगातार निगरानी रखते हैं। सूचना मिलते ही फील्ड स्टाफ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कार्रवाई करता है और उसकी ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करता है। इससे भविष्य की रणनीति बनाने और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने में भी सहायता मिलती है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग केवल तकनीक पर ही निर्भर नहीं है, बल्कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए जनभागीदारी को भी बढ़ावा दे रहा है। हर वर्ष वनाग्नि सीजन से पहले फायर लाइन निर्माण, जनजागरूकता अभियान, प्रशिक्षण तथा मॉक ड्रिल आयोजित किए जाते हैं, ताकि आग की घटनाओं को न्यूनतम किया जा सके। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप का कहना है कि राज्य सरकार आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से वन संपदा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उनका मानना है कि यह प्रणाली वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा भविष्य में अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायी मॉडल साबित होगी। छत्तीसगढ़ का ऑटोमेटेड फॉरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम आधुनिक तकनीक, त्वरित सूचना प्रणाली और प्रभावी प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है। इससे वनाग्नि पर समय रहते नियंत्रण संभव हो रहा है और राज्य की अमूल्य वन संपदा, वन्यजीवों तथा पर्यावरण की सुरक्षा को नई मजबूती मिल रही है। यह पहल विकसित छत्तीसगढ़ और सुरक्षित पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मूल्य श्रृंखला का जुड़ाव:पीएम मित्र पार्क के ज़रिए कैसे भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र की बदल रही है तस्वीर..........

पबित्रा मार्गेरिटा

सदियों से, भारत की पहचान उसके परिधानों से गहराई से जुड़ी रही है। चाहे वह कश्मीर के पश्मीना की लंबे समय तक रहने वाली गर्माहट हो, असम के मूंगा सिल्क की सुनहरी चमक हो, तमिलनाडु की शाही कांजीवरम साड़ियाँ हों, चंदेरी की बुनाई हो या सूरत के कारीगरों की कपड़ों पर मशहूर कारीगरी। आज भी यह क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बनकर खड़ा है, जो जीडीपी में 2.3त्न, औद्योगिक उत्पादन में 13त्न और निर्यात में 12त्न का योगदान देता है। खेती के बाद भारत में सबसे ज़्यादा रोज़गार देने वाला यह क्षेत्र 45 मिलियन लोगों को सीधे तौर पर और 100 मिलियन से ज़्यादा लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार देता है। इससे ग्रामीण समुदायों को मजबूती मिलती है और देश भर में लाखों महिलाओं के लिए आर्थिक आज़ादी का रास्ता खुलता है। वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के एक साथ जुड़ी हुई व्यवस्था के उलट, भारत की वस्त्र मूल्य श्रृंखला ऐतिहासिक रूप से अलग-अलग जगहों पर फैले हुए मॉडल के तौर पर विकसित हुई। कताई, बुनाई, प्रोसेसिंग, कपड़े सिलने और निर्यात जैसी गतिविधियाँ अलग-अलग राज्यों में स्वतंत्र रूप से विकसित हुईं, जिसका अर्थ था कि एक कपड़ा बनने के दौरान अक्सर कई राज्यों की सीमाओं से गुज़रता था। इस बिखराव के कारण कई संरचनात्मक बाधाएँ पैदा हुईं। इसने बड़े पैमाने पर काम करने, आधुनिकीकरण, ऑटोमेशन और आखिरकार मज़दूरों की उत्पादकता को सीमित कर दिया। इसके साथ ही, मल्टी-मॉडल संपर्क में कमियों की वजह से लॉजिस्टिक्स का बोझ भी बढ़ जाता है। प्रोडक्शन के अलग-अलग चरणों के बीच हर बार सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने या संभालने में अतिरिक्त खर्च और ढुलाई का किराया लगता है। कई चरणों में लंबी दूरी तक सामान को एक जगह से दूसरी जगह भेजने से कुल लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ जाती है और सामान को तेज़ी से बाज़ार तक पहुँचाने की क्षमता खत्म हो जाती है, जो आज की रिटेल व्यवस्था में बार-बार ऑर्डर देने वाले साइकल में एक बहुत बड़ी और नुकसानदायक कमी है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी ज़रूरतों पर भी ध्यान देने की ज़रुरत है। दुनिया भर में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वस्त्र उद्योग की हिस्सेदारी 8त्न से 10त्न और औद्योगिक जल प्रदूषण में 20त्न है। हज़ारों छोटी-छोटी और अलग-अलग जगहों पर फैली इकाइयों में नियमों को लागू करना और सही तरीके से प्रबंधन करना पहले एक बड़ी प्रशासनिक चुनौती रहा है। इन रुकावटों को व्यवस्थित रूप से दूर करने के लिए, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2021 में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) योजना शुरू की, जिसके लिए ?4,445 करोड़ का बजट रखा गया। यह एक अहम कदम था, जो एक ऐसा व्यापक मॉडल पेश करता है, जिसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, उद्योगों से जुड़े लोगों और निजी साझेदारों के साथ मिलकर विकास को आगे बढ़ाती है। इस योजना के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी 5एफ फ़ॉर्मूला है यानी फ़ार्म (खेत) से फ़ाइबर (रेशा) से फ़ैक्टरी (कारखाना) से फ़ैशन और फारेन (विदेश) तक पहुंच। यह सोच सीधे तौर पर उस बात को सामने लाती है, जो भारत को वैश्विक मंच पर अलग बनाती है: हमारी संपूर्ण और बेहद विविध मूल्य श्रंखला। कच्चे माल के आयात या सिर्फ तैयार कपड़ों की बनावट पर निर्भर रहने वाले दूसरे देशों के उलट, भारत वस्त्रों को बनाने की पूरी प्रक्रिया में शामिल है, जिसमें किसानों के खेतों से लेकर हाई-फ़ैशन रनवे तक की प्रक्रिया शामिल है। इस अनोखी समझ की वजह से, हमारी विकास रणनीति को वैश्विक प्रतिस्पर्धा और पूरी तरह से सामाजिक समानता के बीच एक खास संतुलन बनाने की ज़रुरत है। विस्तार करते समय, हमें हर क्षेत्र के कल्याण का ध्यान रखना होगा, ताकि साधारण किसान और ग्रामीण बुनकर से लेकर कपड़े के निर्यातक तक, कोई भी पीछे न छूटे। पीएम मित्र फ़्रेमवर्क इसी संतुलन को हासिल करता है। इन पार्कों को कच्चे माल के मुख्य केंद्रों के पास रणनीतिक रूप से बनाने से ट्रांसपोर्ट का खर्च कम होता है और निर्माण के लिए बिना रुकावट आपूर्ति सुनिश्चित होती है। इससे ज़रूरी बात यह है कि इस नज़दीकी से शुरुआत से आखिर तक ट्रैकिंग भी मुमकिन हो पाती है। चूँकि वैश्विक ब्रांड ऑर्गेनिक या सस्टेनेबल प्रमाणीकरण की मांग करते हैं, इसलिए ये एकीकृत पार्क एक सत्यापन योग्य कस्टडी चेन देते हैं। इससे कड़े वैश्विक ईएसजी नियमों का पालन होता है और विदेशों में प्रीमियम कीमत पाने का रास्ता भी बनता है। 1,000 एकड़ से ज़्यादा के एक ही इलाके में कताई, बुनाई, प्रोसेसिंग और कपड़ा बनाने की सुविधाओं को एक साथ लाने से अलग-अलग राज्यों के बीच सामान ले जाने की ज़रूरत खत्म हो जाती है। इससे माल ढुलाई का खर्च और ट्रांसपोर्ट से होने वाला प्रदूषण भी बहुत कम हो जाता है और सामान तेज़ी से बाज़ार तक पहुँच पाता है। समर्पित माल गलियारे और एक्सप्रेसवे जैसे राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से जुड़े होने के कारण, विदेशी बाज़ारों तक सामान पहुँचाना बहुत सस्ता और किफायती हो जाता है।

# भाई-बहन की जोड़ी मोदी-ताकाइची ने रचा इतिहास

नीरज कुमार दुबे

जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री ताकाइची की यह भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। राष्ट्रपति भवन में उनका भव्य स्वागत किया गया और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा बयान जारी करते हुए संबंधों को और गहरा करने का संकल्प दोहराया।भारत और जापान ने अपने विशेष सामरिक वैश्विक साझेदारी संबंधों को नई मजबूती देते हुए नई दिल्ली में आज कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के बीच हुए वार्षिक शिखर सम्मेलन में आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आपूर्ति श्रृंखला और हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता जैसे अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों देशों ने साफसंकेत दिया कि बदलते वैश्विक हालात के बीच भारत और जापान अब केवल आर्थिक साझेदार नहीं, बल्कि एक दूसरे के भरोसेमंद रणनीतिक सहयोगी बनकर उभर रहे हैं। यात्राकी गाइड और यात्रा की जानकारी हम आपको बता दें कि जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री ताकाइची की यह भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। राष्ट्रपति भवन में उनका भव्य स्वागत किया गया और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा बयान जारी करते हुए संबंधों को और गहरा करने का संकल्प दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने ताकाइची को अपनी छोटी बहन बताते हुए भारत और जापान के बीच बौद्ध सांस्कृतिक संबंधों का भी उल्लेख किया, विशेषकर जापान के नारा प्रांत से भारत के ऐतिहासिक जुाव को रेखांकित किया। वहीं ताकाइची ने भी मोदी को अपना बड़े भाई बताया और कहा कि दोनों देशों के संबंध अब एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं। वार्ता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू आर्थिक सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग रहा। दोनों देशों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में संयुक्त वक्तव्य जारी किया और भारतीय तथा जापानी संस्थानों के बीच कई समझौते हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जापान की सूक्ष्म तकनीकी क्षमता और भारत की साफ्टवेयर विशेषज्ञता का मेल वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास को नई दिशा देगा। यह सहयोग केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया में तकनीकी प्रतिस्पर्धा तेजी से भू राजनीतिक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर रही है। एक्ज़िक्यूटिवब्रांच रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल



की। भारत और जापान ने अपने पहले संयुक्त रक्षा विकास परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना नौसैनिक रेडियो एंटीना प्रणाली यूनिकॉर्न के सह विकास से संबंधित है। इस समझौते को हिंद प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अहम कदम माना जा रहा है। हम आपको बता दें कि दोनों देश क्वॉड समूह के सदस्य हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। चीन की बढ़ती समुद्री आक्रामकता और दक्षिण चीन सागर से लेकर पूर्वी चीन सागर तक बदलते सामरिक समीकरणों के बीच यह रक्षा सहयोग विशेष महत्व रखता है। साथ ही भारत और जापान ने ऊर्जा सुरक्षा तथा आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने पर भी सहमति जताई। सेमीकंडक्टर, दुर्लभ खनिज, धातु और उर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए साझा रूपरेखा तैयार की जाएगी। दोनों देशों ने स्थानीय मुद्रा में व्यापार व्यवस्था पर भी चर्चा की, जिसके तहत रुपये और येन में सीधे व्यापार की संभावना पर काम होगा। इससे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम हो सकती है और दोनों अर्थव्यवस्थाओं को अधिक रणनीतिक स्वायत्तता मिलेगी। साथ ही जापान ने अगले दस वर्षों में भारत में दस ट्रिलियन येन निवेश करने की घोषणा दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि भारत में जापानी कंपनियों की संख्या दोगुनी की जाएगी। वर्तमान में जापान भारत के सबसे बड़े निवेशकों में शामिल है और मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन रेल परियोजना सहित कई आधारभूत ढांचा योजनाओं में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2025-26 में द्विपक्षीय व्यापार 27.5 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। जापान की प्रधानमंत्री के साथ आया बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी इस बात का स्पष्ट संकेत था कि टोक्यो भारत में निवेश बढ़ाने जा रहा है। साथ ही दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सहयोग को नई गति मिली है। औषधि, चिकित्सा उपकरण और जैव प्रौद्योगिकी से जुड़े समझौतों के माध्यम से दोनों देशों ने वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में योगदान देने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की व्यापक उत्पादन क्षमता और जापान की गुणवत्ता आधारित तकनीक मिलकर विश्व को सस्ती और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकती हैं। इसके साथ ही भारत जापान जैव गैस पहल के अंतर्गत भारत में एक हजार जैव गैस और जैविक उर्वरक संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। देखा जाये तो यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब विश्व व्यवस्था तेजी से बदल रही है। चीन की सैन्य सक्रियता, आपूर्ति श्रृंखलाओं पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा, ऊर्जा संकट और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन को लेकर बढ़ती चिंताओं ने भारत और जापान को और करीब ला दिया है।

# कथा विश्राम दिवस के दिन श्रद्धालुओं ने दीक्षा ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन की ओर बढ़ाया कदम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन, अश्वनी नगर में आयोजित तीन दिवसीय श्री कथा ज्ञान यज्ञ का विश्राम के अंतिम दिवस का शुभारंभ जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य श्री की सिद्ध चरण पादुकाओं एवं श्री लीलामृत ग्रंथ का यजमान, पुरोहितों एवं श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं शास्त्रोक्त विधि से पूजन-अर्चन और माल्यार्पण के साथ किया गया। प्रातः प्रारंभ हुए कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने तीर्थक्षेत्र नाणीजधाम का दर्शन किया। इसके पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य श्री से ऑनलाइन नामदीक्षा (नामदान) ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन की ओर अग्रसर होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य श्री ने ऑनलाइन प्रवचन में नामभक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य का मन स्वभाव से चंचल होता है, जो उसे लक्ष्य से भटकाता है। भक्ति के माध्यम से अंतरमन और बहिरमन की एकाग्रता बढ़ती है, जिससे निर्णय क्षमता, संयम, विवेक, साहस और सकारात्मक विचारों का विकास होता है कथा व्यास प्रवचनकार रोहित मोड़े ने श्री लीलामृत ग्रंथ पर आधारित प्रवचन में सद्गुरु के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु वह है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर आत्मज्ञान का प्रकाश प्रदान करता है। सद्गुरु की संगति से मनुष्य के भीतर आध्यात्मिक जागरण होता है और वह सत्य एवं प्रकाश के मार्ग पर अग्रसर होता है।

प्रवचन के उपरांत संध्या समय रासलीला, संध्या आरती एवं कथा विश्राम समारोह का आयोजन किया गया वही कथा श्रवण करने वाले भक्त विशाल भंडारे का आनंद लिया।अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू,पार्षद शीतल पांडे पार्षद रामकिंकर रामानंद संप्रदाय छत्तीसगढ़ के उपपीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, पीठ सदस्य सच्चिदानंद उपासने, पीठ सह प्रमुख मुन्नालाल मोटघरे, के अलावा छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# तीर्थों के संरक्षण-संवर्द्धन के लिए संकल्पित हुआ महिला मण्डल

■ **भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के अंतर्गत महिला मंडल की बैठक सम्पन्न**



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के 125वें स्थापना वर्ष (शतकोत्तर रजत स्थापना वर्ष) के उपलक्ष्य में अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी, उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के तत्वावधान में ललितपुर के आनंद रेजीडेंसी, इलाइट चौराहा में महिला मण्डल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर की विभिन्न महिला मण्डलों की संयोजिकाओं ने भाग लेते हुए तीर्थों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं विकास के लिए सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के अध्यक्ष जवाहरलाल जैन (सिकंदराबाद) ने कहा कि कमेटी अपने 125वें स्थापना वर्ष को राष्ट्रीय स्तर पर विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मनाएगी। उन्होंने कहा कि प्राचीन जैन तीर्थ, मंदिर एवं मूर्तियाँ हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिनके संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा।

प्रांतीय महिला संयोजिका मीनू जैन (गाजियाबाद) ने महिला मण्डलों से नियमित मासिक बैठकें आयोजित करने, प्रत्येक दो माह में किसी तीर्थक्षेत्र की सामूहिक वंदना करने, गुल्लक योजना को घर-घर तक पहुँचाने तथा आय-व्यय का सुव्यवस्थित लेखा-जोखा रखने का आह्वान किया। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र के जैन तीर्थों के विकास में महिलाओं की सक्रिय भूमिका पर भी बल दिया।

कमेटी के उपाध्यक्ष इंजी. अनिल जैन 'अंचल' ने 125वें स्थापना वर्ष के प्रस्तावित आयोजनों की जानकारी देते हुए कहा कि तीर्थों का संरक्षण केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उत्तरदायित्व भी है।

संयुक्त महामंत्री डॉ. सुनील जैन संचय ने कहा कि 'तीर्थ, मंदिर और मूर्तियाँ हमारी अनमोल धरोहर हैं। इन्हीं से हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रहती है। भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी पिछले 125 वर्षों से इनके संरक्षण, संवर्द्धन एवं विकास के लिए सतत कार्य कर रही है।'

# बढ़व संगवारी संस्था ने छात्रों को 'स्वयं को जानो' का दिया मंत्र

■ **संविधान और स्वास्थ्य पर भी हुई चर्चा**




**धरसीवां (विश्व परिवार)।** शुक्रवार को बढ़व संगवारी संस्था के तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोंहदी, धरसीवां में करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 11वीं और 12वीं के छात्रों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार सही करियर चुनने में मार्गदर्शन देना था।कार्यक्रम का शुभारंभ रामेश्वरी परगनिहा ने भारतीय संविधान के पठन से किया। उन्होंने छात्रों को संविधान में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी देते हुए देश निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।संस्था के सदस्य नागेश बंछोर ने साइकोमैट्रिक टेस्ट के माध्यम से बच्चों को स्वयं को पहचानने का कौशल सिखाया। उन्होंने बताया कि आत्म-मूल्यांकन से ही सही करियर का चुनाव संभव है। वहीं सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक राधे श्याम बघेल ने छात्रों को पढ़ाई के वैज्ञानिक तरीके समझाए। उन्होंने 12वीं के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल, कॉमर्स, आर्ट्स सहित विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।डॉ. मीरा बघेल ने किशोरावस्था में पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने संस्था की टीम का आभार जताया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# योगाचार्यों का सम्मान समारोह व वृक्षारोपण

■ **कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में कार्यक्रम संपन्न**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा रायपुर द्वारा रायपुर के 90 वार्डों योग प्रशिक्षकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए योग आयोग के अध्यक्ष माननीय श्री संजय अग्रवाल (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) छ.ग. शासन के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से रायपुर के सभी वार्डों में योग की भावना की आगे बढ़ाते हुए सभी योग प्रशिक्षकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना, रायपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्री संजय अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग आयोग, छत्तीसगढ़ शासन थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में भारत विकास परिषद् रायपुर मुख्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मुख्य अतिथि द्वारा माता सरस्वती के प्रतिमा को माल्यार्पण के साथ शुरु हुई।

छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार गुरुवंदना, गायत्री मंत्र, गीता श्लोक का पाठ किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा वन्दे मातरम् का गान प्रस्तुत किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार और योग के विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा भी योग की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन करते हुए भगवान विष्णु के दशो अवतार का योग की मुद्राओं के साथ प्रदर्शन काफी आकर्षक रहा। डॉ. राकेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में छोटे बच्चे से बड़े बुजुर्ग तक के लोगों को योग के आसनों और प्राणायाम के माध्यम से निरोग रहने की कला के बारे में हमारे देश की ऋषि-मुनियों, महर्षि पंतजलि द्वारा बताया गया है। आज के समय में स्कूलों में भी योग की नियमित कक्षाएं लगाई जानी चाहिए, जिससे नई आने वाली पीढियों के योग की जानकारी हो सकें और वे स्वस्थ रह सकें। योग के द्वारा अपने आपको मानसिक रुप से, शारीरिक रुप से, मनोवैज्ञानिक रुप से और मन के भीतर से मजबूत किया जा सकता है।

# डॉ. प्रीता के अध्यक्षीय नेतृत्व में रोटरी टीम ने शपथ ली




**रायपुर (विश्व परिवार)।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के 71 वे स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात पर्यावरण का सन्देश देते हुए सभी अतिथियों को पौधे, श्रीफल शाल देकर सम्मानित किया गया।

रोटरी क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ प्रीता लाल ने अपनी टीम के साथ कार्यभार सम्हाला। इस अवसर पर उनकी टीम के सदस्य आई पी पी उतम गर्ग , सचिव अरविंद जोशी , उपाध्यक्ष डॉ राकेश पांडे , कोषाध्यक्ष समीर सिंग , सह सचिव योगेश अग्रवाल , उज्ज्वल बत्रा , जयंत थोराट , गिरिश वोरा , इंदिरा मिश्र , प्रदीप गोविंद शितूत , समीर रक्षित , जयंत अग्रवाल , अनिश नरनोलिया , जयंत अग्रवाल ने भी अपना कार्यभार सम्हाला। खचाखच भरे हाल में मुख्य अतिथि प्रांतपाल आलम सिंग रूपरा ने नवगठित कार्यकारिणी को सामाजिक हित के लिए ऐसे नए नए प्रॉजेक्ट प्रारंभ करने की सलाह दी जिसके दीर्घगामी प्रभाव हों और अपने उत्कृष्ट सेवा कार्यों से समाज की सेवा करने के लिए उत्प्रेरित किया। निवर्तमान अध्यक्ष उत्तम गर्ग द्वारा अपने कार्यकाल में किये गए कार्यों की जानकारी प्रदान की गयी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में अनेक प्रोजेक्ट के माध्यम से समाज सेवा के लिए तैयार की गई रूपरेखा की जानकारी प्रदान की जिसमें मुख्य रूप से निशुल्क संचालित कंप्यूटर कौशल प्रशिक्षण केंद्र का विस्तार कर दानी स्कूल में भी इसे शीघ्र संचालित करने की बात कही।

# शिष्य की शोभा गुरू से होती है: मुनि श्री सिद्ध सागर जी महाराज



**वसगडे (महाराष्ट्र) (विश्व परिवार)।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद कोल्हापुर के कार्याध्यक्ष श्री अभिषेक अशोक पाटील, कोल्हापुर ने कहा कि, पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज जी के शिष्य मुनि श्री सारस्वत सागर जी महाराज,मुनि श्री जयंत सागर जी महाराज, मुनि श्री सिद्ध सागर जी महाराज वसगडे (महाराष्ट्र) में विराजमान हैं।

विशुद्ध कुल गौरव, शांतमूर्ती मुनि श्री सिद्ध सागर महाराज जी ने अपने गुरु पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी के बारे में कहा कि हम शरीर से गुरू से दूर है लेकिन मेरा मन, मेरा हृदय गुरू के चरणो में आज भी है और गुरू जी का आशिर्वाद मेरे पास है।

गुरु की महिमा है अपरंपार, उनके बिना जीवन है बेकार। ज्ञान का दीप जलाएं गुरु, दूर करें जीवन का अंधकार। घर की शोभा माँ से होती है और शिष्य की शोभा गुरू से होती है। पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी का विहार राजधानी दिल्ली की ओर शुरु है। घर की शोभा माँ से बढती है, उसी प्रकार आज सारे जिन दर्शन की शोभा आचार्य भगवन विशुद्ध सागर महाराज जी से बढ रही है। आचार्य भगवन विशुद्ध सागर महाराज जी के चरणो में नमन।

आचार्य भगवन विशुद्ध सागर महाराज जी के शिष्य मुनि श्री सारस्वत सागर जी महाराज, मुनि श्री जयंत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री सिद्ध सागर महाराज जी का जयसिंगपूर चातुर्मास 2026 हेतु 19-7-2026 को सुबह 7 बजे मंगल प्रवेश होनेवाला है।

# नवपदस्थ आयुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया आत्मीय स्वागत



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** नगर पालिका निगम राजनंदगांव में नवपदस्थ आयुक्त जी. आर.मरकाम से अनु.जनजाति शासकीय विकास संघ एवं युवा संगठन ने पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर चर्चा के दौरान आयुक्त महोदय ने संघ और संगठन को नगर विकास के कार्यों एवं शासन प्रशासन के जन कल्याणकारि योजनाओं (सूर्य घर योजना)में सहयोग करने अपील की इस पर दोनों संगठनों ने कहा हमारा संगठन हमेशा सहयोग की भावना से काम करते आ रहा है आगे भी सहयोग की भावना से काम करते रहेगा, चर्चा में आगे आयुक्त महोदय ने कहा की निगम के कर्मचारीयो/अधिकारियों को समय मान वेतन,क्रमोन्नति,पदोन्नति का लाभ दिया जाएगा एवं बैकलॉग के पदों पर शासन के नियम/निर्देशानुसार भर्ती की जाएगी।

इस अवसर पर बधाई/शुभकामना देने वालों में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला अध्यक्ष श्री लेखराम मात्रा,पुरुषोत्तम ध्रुव,समयलाल मांडवी,प्रहलाद ठाकुर,युवा अध्यक्ष नरेंद्र मांडवी अलेन ठाकुर ,रामकुमार सलामे, नरेन्द्र,हितेश,पुरंन्दन लाल उइके हरिश कश्यप एवं बड़ी संख्या में सदस्य गण मौजूद रहे।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड से अलंकृत पूज्य कामधेनु माता 'सौम्या' का देवलोक गमन भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**खैरागढ़ (विश्व परिवार)।** विश्व की 54 इंच लंबी पूँछ वाली एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड से अलंकृत पूज्य कामधेनु माता 'सौम्या' का आज रात्रि 2:27 बजे, लगभग 23 वर्ष की आयु में मनोहर गौशाला, खैरागढ़ में संथारापूर्वक देवलोक गमन हुआ।

अंतिम क्षणों में वे प्रभु वाणी, णमोकार मंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र का श्रवण करती हुई शांत भाव से देह त्याग कर गईं। उनका जीवन गौसेवा, करुणा, अहिंसा एवं जीवदया का प्रेरणास्रोत रहा।

पूज्य सौम्या माता ने अपने जीवनकाल में लगभग 142 जैन साधु-साध्वी भगवंतों तथा अनेक आचार्य भगवंतों से मांगलिक एवं णमोकार मंत्र का श्रवण किया। उन्हें सैकड़ों वैदिक संतों का भी सान्निध्य एवं दर्शन प्राप्त हुआ। प्रदेश के तीन महामहिम राज्यपालों सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने उनके दर्शन किए। पिछले लगभग 8 वर्षों में 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने उनके दर्शन कर उन्हें अपनी श्रद्धा एवं आस्था का केंद्र बनाया।

अंतिम दर्शन: आज मनोहर गौशाला, खैरागढ़ में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

समाधि यात्रा: आज दोपहर 12:36 बजे मनोहर गौशाला परिसर से श्रद्धापूर्वक प्रस्थान करेगी। तत्पश्चात जीरावला मनोहर जीवदया धाम में पूर्ण श्रद्धा एवं सम्मान के साथ पूज्य कामधेनु माता सौम्या की समाधि विधि-विधानपूर्वक संपन्न की जाएगी।

# विजयमती माताजी के नाम पर चौराहे के नामकरण की मांग, कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

■ **कामवन की गौरवशाली विभूति प्रथम गणिनी आर्यिका विजयमती माताजी को स्थायी सम्मान देने की उठी मांग, जुरहरा जैन समाज ने भी अलग से सौंपा समर्थन पत्र**




**डीग/कामवन (विश्व परिवार)।** धर्मनगरी कामवन की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक पहचान को नई गरिमा प्रदान करने की मांग को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज कामवन ने जिला कलेक्टर मयंक मनीष को विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए जैन धर्म की प्रथम गणिनी आर्यिका रत्न पूज्य विजयमती माताजी की स्मृति में एक प्रमुख सर्किल/चौराहे का निर्माण एवं उसका नामकरण 'प्रथम गणिनी आर्यिका रत्न विजयमती माताजी सर्किल' किए जाने की मांग की। इसी क्रम में जुरहरा जैन समाज ने भी अलग से ज्ञापन देकर इस मांग का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया।

सकल दिगम्बर जैन समाज कामवन के अध्यक्ष अनिल जैन लहसरिया ने कहा कि डीग जिला अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के लिए देशभर में विशेष पहचान रखता है। इसी जिले की धर्मनगरी कामवन, जहां ब्रज संस्कृति के साथ-साथ जैन धर्म की भी गौरवशाली परंपरा रही है, जैन धर्म की प्रथम गणिनी आर्यिका रत्न विजयमती माताजी की जन्मस्थली होने का गौरव प्राप्त है। ऐसी महान संत विभूति की स्मृति में आज तक किसी प्रमुख चौराहे अथवा सर्किल का नामकरण नहीं होना क्षेत्र की जनभावनाओं के अनुरूप नहीं है।

मांग पत्र में उल्लेख किया गया कि पूज्य विजयमती माताजी ने अपने तप, त्याग, वैराग्य, संयम एवं आध्यात्मिक साधना के माध्यम से जैन धर्म के मूल सिद्धांतों—अहिंसा, करुणा, आत्मसंयम और सदाचार—का देशभर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया। उनका जीवन केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने आध्यात्मिक व्यक्तित्व एवं आदर्श जीवन से समाज को नई दिशा प्रदान की तथा नारी शक्ति, संयम और संस्कृति के उच्च आदर्श स्थापित किए।

संजय जैन बड़जात्या ने कहा कि आर्यिका रत्न विजयमती माताजी की जन्मभूमि कामवन है और उन्होंने सम्पूर्ण देश में जैनत्व के उत्थान तथा आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। लाखों लोगों को संयम, धर्म का मार्ग अपनाने में संबल दिया, यह कामवन ही नहीं, बल्कि पूरे भरतपुर सम्भाग व डीग जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को ऐसी महान विभूति के जीवन, त्याग और तपस्या से प्रेरणा मिले, इसके लिए उनके नाम पर एक भव्य सर्किल या चौराहे का निर्माण एवं नामकरण अत्यंत आवश्यक है।

ज्ञापन में सुझाव दिया गया कि कामवन का वह प्रमुख चौराहा, जहां से बोलखेड़ा,कोसी,पहाड़ी एवं जुरहरा मार्ग की ओर आवागमन होता है, इस सर्किल के निर्माण एवं नामकरण के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है। इससे क्षेत्र की धार्मिक पहचान को नई गरिमा मिलेगी और श्रद्धालुओं के साथ-साथ पर्यटकों को भी कामवन की आध्यात्मिक विरासत की जानकारी प्राप्त होगी।

# जैन मिलन महिला शाखा बहुवलीनगर की अध्यक्षा ममता जैन को श्रद्धांजलि समर्पित



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक -13 की एक शोक सभा में निहाल चंद्र जी जैन, इंजी कैलाशचंद्र जैन की अनुज वधु, स्वरूपचंद्र जैन गदयाना वालो की धर्म पत्नी, राकेश कुमार रोशन जैन की भाभी, कु. इक्षा जैन गुड्डो, विभोर जैन गोलू की पूजनीय माता जी श्रीमती ममता जैन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रेयांश जैन गदयाना ने ममता जैन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह जैन मिलन महिला शाखा बहुवलीनगर की अध्यक्षा थी। क्षेत्रीय मुख्य प्रचार संयोजक विशाल जैन पवा ने इसे भारतीय जैन मिलन एवं सकल समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। सभी दिवंगत आत्मा की शांति एवं गदयाना परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईष्ट प्रभु से कामना की। श्रद्धांजलि देने वालों में क्षेत्रीय मंत्री सुबोध जैन झाँसी, अजय जैन वरया, बृजेन्द्र जैन मोदी, आईएफएस वी.के. जैन, सीए दीपक जैन झाँसी, प्रभात जैन, अनिल एडवोकेट, आवेश जैन, अनूप कुमार, अभिनन्दन जैन, अनिल कुमार, देवेंद्र जैन, चंद्रकुमार लोहिया, अभिषेक जैन, सुरेंद्र कुमार, आनंद जैन आदि प्रमुख रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वराज ने छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया नया प्रोटेक ट्रैक्टर

**रायपुर।** महिंद्रा समूह की कंपनी और भारत के प्रमुख ट्रैक्टर ब्रांडों में शामिल स्वराज ट्रैक्टर्स ने आज छत्तीसगढ़ में अपना नया स्वराज प्रोटेक ट्रैक्टर लॉन्च किया। स्वराज प्रोटेक को दमदार प्रदर्शन, सटीक इंजीनियरिंग और आसान संचालन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि कृषि हो या व्यावसायिक कार्य, हर काम कम समय, कम मेहनत और अधिक दक्षता के साथ पूरा किया जा सके। इसमें भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित की गई आधुनिक तकनीक और कई उन्नत फीचर्स दिए गए हैं, जो कठिन से कठिन कार्यों को भी आसानी से पूरा करने में मदद करते हैं। स्वराज 855 प्रोटेक 2WD और 4WD दोनों विकल्पों में उपलब्ध होगा। यह ट्रैक्टर स्वराज की पहचान रहे दमदार प्रदर्शन, बहुउपयोगिता और विश्वसनीयता को और बेहतर बनाता है। इसके साथ नए आरामदायक फीचर्स, आकर्षक डिजाइन और अत्याधुनिक टेलीमैटिक्स सिस्टम दिया गया है, जो ग्राहकों को ट्रैक्टर से जुड़ी लाइव जानकारी उपलब्ध कराता है। नए स्वराज प्रोटेक ट्रैक्टर की कीमत 9.45 लाख से 10.45 लाख (एक्स-शोरूम, अनुमानित) रखी गई है। बेहतर प्रदर्शन के साथ यह नया ट्रैक्टर किसानों और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को अधिक उत्पादकता, बेहतर दक्षता, ज्यादा आराम और आधुनिक स्टाइल प्रदान करेगा। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के स्वराज डिवीजन के सीईओ गगनजोत सिंह ने कहा, खेती का भविष्य ऐसी तकनीक पर आधारित होगा जो किसानों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप, भरोसेमंद और उपयोगी हो। प्रोटेक इसी सोच का परिणाम है। यह किसानों को अधिक सटीकता, बेहतर उत्पादकता और आसानी से काम करने में सक्षम बनाता है। यह लॉन्च छत्तीसगढ़ के लिए खास तौर पर अहम है, जिसे बड़े पैमाने पर 'भारत का चावल का कटोरा' कहा जाता है और यह देश के बड़े धान उत्पादक राज्यों में से एक है, जहां 40-50 HP सेगमेंट धान की खेती और उससे जुड़े खेती के कामों की बिजली की ज़रूरतों के लिए बहुत सही है। स्वराज 855 प्रोटेक को कठिन कृषि कार्यों को अधिक आत्मविश्वास और दक्षता के साथ पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। इसमें फुली कॉन्स्टेंट-मेश मल्टी-स्पीड ट्रांसमिशन दिया गया है, जिससे गियर आसानी से बदलते हैं और गियरबॉक्स की उम्र भी बढ़ती है।

### सैमसंग बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स के साथ मानसून की उमस और गर्मी को दें मात

**गुरुग्राम (भारत):** मानसून के मौसम में बढ़ी हुई उमस और नमी के बीच बेहतर कूलिंग के लिए सैमसंग ने अपने बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स पेश किए हैं। पूरे साल आरामदायक माहौल बनाए रखने के लिए तैयार किए गए ये एसी एआई तकनीक, स्वच्छ हवा और लंबे समय तक भरोसेमंद प्रदर्शन जैसी खूबियों के साथ हर मौसम में बेहतर कूलिंग सुनिश्चित करते हैं।

मानसून के मौसम में बढ़ी हुई नमी और उमस से घर के भीतर भी परेशानी बढ़ जाती है। सैमसंग एसी के 3-इन-1 मानसून केयर फीचर को इस मौसम की इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह नमी कम करने, एसी को साफ रखने और उसकी उम्र बढ़ाने जैसे तीन अहम फायदे देता है।

1. **कंफर्ट ड्रायिंग:** हवा में मौजूद अतिरिक्त नमी को कम करता है और बिजली की बचत का भी ध्यान रखता है, जिससे मानसून में घर का माहौल अधिक आरामदायक बना रहता है।
2. **फ्रीज़ वॉश:** एसी के अंदर जमी धूल, फफूंद, बैक्टीरिया और एलर्जन को साफरखने में मदद करता है, जिससे घर के भीतर साफ और ताजी हवा बनी रहती है।

### कैलिफोर्निया बादाम : वजन को प्रभावी ढंग से नियंत्रित रखने के लिए सोहा अली खान के स्मार्ट फूड विकल्प

डाइट कल्चर और स्वास्थ्य से जुड़ीविरोधाभासी सलाहों के बीच वजन का प्रबंधन अक्सर एक ऐसा सफर बनजाता है, जिसमें लोगों को बार-बार नई शुरुआत करनी पड़ती है।हालांकि, सख्त डाइट और कठिन वर्कआउट से जल्दी परिणाम मिलसकते हैं, लेकिन लंबे समय तक इन्हें लगातार अपनाए रखना आसान नहींहोता। वास्तव में, प्रभावी वजन प्रबंधन का मतलब खुद को पसंदीदा चीजोंसे वंचित रखना नहीं है। बल्कि, इसका मतलब ऐसी टिकाऊ आदतेंअपनाना और समझदारी भरे विकल्प चुनना है, जिन्हें आज की व्यस्त औरतेज़ रफ्तार जीवनशैली में आसानी से शामिल किया जा सके। कैलिफ़ोर्निया बादाम ऐसा ही एक स्मार्ट विकल्प हैं। प्राकृतिक रूप सेपोषक तत्वों से भरपूर कैलिफ़ोर्निया बादाम में 24 पोषक तत्व पाए जातेहैं। इनमें तृप्ति देने वाले गुण होते हैं, जो लंबे समय तक पेट भरा हुआमहसूस कराने में मदद कर सकते हैं और प्रभावी वजन प्रबंधन की दिशा मेंआपके प्रयासों को सहयोग दे सकते हैं।

## पहली ही बारिश में बही पुलिया बनी जानलेवा, बाइक सहित नदी में गिरा युवक गंभीर घायल

### छुरा-सारागांव मार्ग पर सुरक्षा इंतजामों के अभाव में बड़ा हादसा

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड में पहली ही बारिश में बह गई सारागांव मार्ग की पुलिया अब लोगों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है।प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाने के बीच एक युवक रात के अंधेरे में बाइक सहित सीधे नदी में जा गिरा,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में प्रशासन की कार्यशैली को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। जानकारी के अनुसार,छुरा से सारागांव जाने वाले मार्ग पर हाल ही में हुई तेज बारिश के दौरान पुलिया बह गई थी। पुल के बह जाने से बम्हनी,कोसमी, सारागांव,नवापारा,दुल्ला,चुरकीदाद र समेत दर्जनों गांवों का ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क प्रभावित हो गया है।



इसी बीच विगत रात्रि एक दर्दनाक हादसा सामने आया। बताया जा रहा है कि एक युवक छुरा से अपने गांव बम्हनी-कोसमी लौट रहा था। रात का अंधेरा होने और पुल के पास किसी प्रकार का चेतावनी बोर्ड, बैरिकेड या संकेतक नहीं होने के कारण उसे पुलिया टूटने की जानकारी नहीं मिल सकी। नतीजतन वह बाइक सहित करीब 10 से 15 फीट गहरी नदी में जा गिरा। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी।पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची तथा घायल युवक को नदी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया,जहां उसका उपचार जारी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया कई दिन पहले बह चुकी थी,लेकिन प्रशासन ने न तो वहां बैरिकेडिंग कराई और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया।ऐसे में यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम माना जा रहा है।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था की गई होती तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी।

वही ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि टूटी पुलिया के दोनों ओर तत्काल मजबूत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेतक लगाए जाएं। साथ ही प्रभावित गांवों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था और पुलिया के शीघ्र पुनर्निर्माण की दिशा में तत्काल कार्रवाई की जाए,ताकि भविष्य में किसी और की जान जोखिम में न पड़े।

## 20 साल की सजा, 2-2 लाख जुर्माना: नशे के तीन तस्करों पर NDPS कोर्ट का बड़ा फैसला

### गरियाबंद पुलिस की मजबूत पैरवी रंग लाई, तीनों दोषी करार

**गरियाबंद।** नशीले पदार्थों और अवैध मादक द्रव्यों के कारोबार के खिलाफ गरियाबंद पुलिस को बड़ी न्यायिक सफलता मिली है। थाना राजिम के अपराध क्रमांक 186/25 (एनडीपीएस एक्ट) के मामले में विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) शैलेश शर्मा की अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास और 2-2 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा नहीं करने की स्थिति में दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। राज्य की ओर से लोक अभियोजक स्वाति शर्मा ने प्रभावी पैरवी की, जबकि गरियाबंद पुलिस ने मजबूत साक्ष्य और पुख्ता विवेचना के आधार पर अदालत में मामला प्रस्तुत किया, जिसके चलते दोषियों को कड़ी सजा मिली।



**मुखबिर की सूचना पर हुई थी बड़ी कार्रवाई-** वर्ष 2025 में थाना राजिम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अवैध मादक पदार्थ (गांजा/प्रतिबंधित नशीली सामग्री) की बड़ी खेप के साथ तीनों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य जुटाए और समय पर न्यायालय में चालान पेश किया। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तीनों को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई।

दोषी आरोपी- ओमप्रकाश बंजारे (30), पिता स्व. हरीराम बंजारे, निवासी ग्राम चीचा, थाना मंदिर हसौद।

पंकज डहरिया (23), पिता स्व. खुमान सिंह डहरिया, निवासी ग्राम चीचा, थाना मंदिर हसौद।

इजराइल खान (18), पिता सहादत खान, निवासी अभनपुर, थाना अभनपुर।

## कांग्रेस का मिशन गांव चलो अभियान.ग्राम साडगुड पंहुच ग्रामीणों से रूबरू होकर सुनी गई समस्याएं





**जगदलपुर।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे मिशन गांव चलो अभियान के अंतर्गत आज ग्राम साडगुड में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में ब्लॉक व मंडल पदाधिकारी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांव पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों की जानकारी ली।

इस दौरान चाय पर चर्चा करते हुए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के समक्ष ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अनेक समस्याएं रखीं। ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं किसानों को खाद नहीं मिल रहा है ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव तो हो चुका है किंतु आज पर्यंत तक किताबें स्कूलों में नहीं आई है ....

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी प्रत्येक समस्या को गंभीरता से संबंधित विभागों एवं शासन-प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा तथा समाधान के लिए लगातार संघर्ष किया जाएगा।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बड़े-बड़े वादों और जुमलों तक ही सीमित होकर रह गई है। सत्ता में आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं।सिर्फ और सिर्फ भाजपा सरकार सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त है जनता के प्रति इन्हें कोई जनसरोकार नहीं है.जिन मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी, उनकी लगातार उपेक्षा की जा रही है। गांवों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गांव, गरीब, किसान और आमजन के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। मिशन गांव चलो अभियान का उद्देश्य गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को जानना, उनके बीच संवाद स्थापित करना और उनकी आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाना है। कांग्रेस पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी तथा प्रत्येक ग्रामीण की समस्याओं को पूरी प्राथमिकता के साथ उठाकर सरकार की आंखें खोलने का कार्य करेगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष चमनलाल देहारी,तूरू नाग, तुलाराम सेठिया,सुखराम बघेल, नीतीश शर्मा,सुंदर लाल सेठिया,लखपती देहरी,श्याम सुंदर,जगर,राजू,राज कुमार नाग,गणेश बघेल, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## विधायक संपत अग्रवाल व सैय्यद सलमा ने किया नेल्स बाय सकीना का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** रायपुर शंकर नगर स्थित एस बी आई बैंक पास आज बसना विघान सभा क्षेत्र के विधायक श्री संपत अग्रवाल और स्टार वैदिक वेलफेयर फाउण्डेशन वैदिक न्यूज की मेनेजिंग डायरेक्टर भारतीय पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ की वाइस प्रेसिडेंट सैय्यद सलमा ने नेल्स बाय सकीना शो रूम का भव्य शुभारंभ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री संपत अग्रवाल पूर्व महापौर श्री एजाज ढेबर एवं श्रीमती सैय्यद सलमा ने शुभकामनाएं दी नेल्स बाय सकीना की संचालक सकीना ने हमारे संवाददाता को बताया कि हमारे शो रूम में सभी प्रकार के पर्स मोबाइल फोन पर्स टेम्पल्स फैसलेट कल्चरस बैग नेल एक्ससबल की रिंग प्रीमियम वाच के साथ ही बहुत सी वेरायटी कम्पनी के बैग नेल पॉलिश पर्स आदि इस शो रूम में उपलब्ध है सकीना ने नेल्स का कोर्स दिल्ली रायपुर में किया उन्होंने कहा कि नेल अकादमी को हम सभी शहरों में स्थापित करने की बात कही नेल अकादमी को बुलंदियों पर पहुंचा ना हमारा लक्ष्य है ग्राहकों की सेवा करना ही हमारा उद्देश्य है इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री संपत अग्रवाल ने कहा कि आज के इस काम्पीटीसन के दौर में सकीना जरुर कामयाब होगी वहीं वैदिक वेलफेयर फाउण्डेशन की चेयरमैन सैय्यद सलमा ने कहा कि सकीना बहुत मेहनती और कुशल है इसकी सोच हमे एक शिक्षा भी देती मे मेहनत और लगन से हर काम आसान नहीं बल्कि कामयाबी हासिल कर देती है इस अवसर पर हाजी इब्राहिम आरिफ़ बानो सरफराज आरिफ यजदानी सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

## गरियाबंद में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन: मोदी-साय का पुतला दहन, पुलिस से झूमाझटकी; रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी पर भाजपा सरकार को घेरा

### केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, तिरंगा चौक पर जमकर हुई नारेबाजी

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।



प्रदर्शन की शुरुआत जिला कांग्रेस भवन से हुई, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए।इसके बाद हाथों में पुतला लेकर कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए तिरंगा चौक तक रैली निकाली। प्रदर्शन के दौरान माहौल काफी गर्म रहा।

तिरंगा चौक पहुंचने पर पुलिस ने पुतला दहन रोकने का प्रयास किया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कुछ देर तक झूमाझटकी की स्थिति बन गई साथ ही कुछ कार्यकर्ता के कपड़े आग से झुलसते दिखे। हालांकि कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला जलाने में सफल रहे। इस दौरान चौक पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उनका कहना था कि रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी भी राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की कार्रवाई बंद नहीं हुई तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन और तेज करेगी।

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सन्नी मेमन,जिला महामंत्री राजेश साहू,सह कार्यालय प्रभारी जिला महामंत्री एवं पार्षद नगर पालिका छगन यादव,जिला महामंत्री जुनेद खान, पूर्व पार्षद योगेश बघेल,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित मिरि,अहसन मेमन,सौरभ ठाकुर, बूथ अध्यक्ष प्रेम यादव,मधु हरपाल,नंदू गोस्वामी, कादर हिंगोरा,चंद्रभूषण चौहान,उत्तम यादव,भानु सिन्हा,पंकज सिन्हा,मुकेश यादव, निक्की यादव, देवेन्द्र यादव,अनीश मेमन,अमन दास मानिकपुरी, झनकार यादव,सौरभ यादव,नरेन्द्र सिन्हा,एवं सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ता के साथ जिला कांग्रेस के पदाधिकारी,विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे घटनाक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

# 'मोर गांव-मोर पानी' महाअभियान के उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित कॉम्पेंडियम का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

- सरकार गठन के बाद 11 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास पूर्ण
- 11 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री श्री साय ने दी नए आवास की चाबी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश में सरकार गठन के बाद 11 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास पूर्ण होने तथा 'मोर गांवङ्कमोर पानी' महाअभियान की उल्लेखनीय उपलब्धियों से संबंधित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 11 लाख आवास पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 हितग्राहियों को उनके नए आवास की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान कर सम्मानित किया तथा 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान के उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित कॉम्पेंडियम का विमोचन किया।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने गठन के तुरंत बाद अपनी प्रथम कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों के लिए राशि जारी करने का निर्णय लिया था। इसके बाद निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 11 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। इनमें से विगत वित्तीय वर्ष में लगभग 6 लाख आवास पूर्ण किए गए, जो एक वर्ष में देश में सर्वाधिक आवास पूर्ण करने की उपलब्धि है। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम 100 दिनों (1 अप्रैल से 9 जुलाई) में ही 1 लाख 51 हजार आवास पूर्ण किए गए हैं। अर्थात प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 1,500 से अधिक आवास पूर्ण किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में 'मोर गांवङ्कमोर पानी' महाअभियान के उत्कृष्ट कार्यो पर एक पुस्तिका विमोचित की गई। उल्लेखनीय है कि यह महाअभियान 24 अप्रैल 2025 को पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रारंभ किया गया था। जनभागीदारी आधारित इस अभियान के अंतर्गत पूर्ववर्ती महात्मा गांधी नरेगा एवं वर्तमान वीबी- जीरामजी के माध्यम से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक लाख से अधिक जल संरक्षण एवं जल संवर्धन कार्य स्वीकृत एवं क्रियान्वित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत आजीविका डबरी, नवा तरिया, कंटूर ट्रेंच सहित विभिन्न जल संरचनाओं का निर्माण कर जल संरक्षण, भूजल संवर्धन एवं ग्रामीण आजीविका को नई दिशा दी जा रही है।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक तारन प्रकाश सिन्हा सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

# प्रदेश के सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की भारी किल्लत : कांग्रेस



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि किसान विरोधी सरकार की बदइंतजामी के चलते प्रदेश के सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की किल्लत से खरीफ फसलों की बुआई पिछड़ गई है। धान की बुआई के समय किसानों को डीएपी की सख्त जरूरत होती है, लेकिन अधिकांश प्राथमिक कृषि साख समितियों और सहकारी संस्थाओं में इसका भारी अभाव है। किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके जैसे वैकल्पिक खाद लेने की सलाह दी जा रही है, जो समय पर उपलब्ध नहीं है, कीमत और प्रभाव में भी अंतर है। नैनो डीएपी की गुणवत्ता और असर पर किसानों को भरोसा नहीं है, अमानक, गुणवत्ताहीन, नकली खाद बीज की शिकायतें भी आम हो चुकी है। सरकार की दुर्भावना के चलते ही प्रदेश में उर्वरक का संकट विकराल रूप ले चुका है। सरकार बताये बिना उर्वरक के खेती कैसे करें किसान। प्रदेश में उर्वरक के लिये मारा-मारी शुरू हो गयी है। किसानों को सोसायटी में खाद नहीं मिल रहा है। किसान बार-बार सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों से उर्वरक के बारे में गुहार लगा रहे, लेकिन सरकार केवल जुबानी आश्वासन दे रही है।

सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि आज भी प्रदेश के आधे से कम सोसायटियों में ही खाद पहुंच पाया है। मानसून आ चुका है, खरीफ में धान की फसल ही राज्य के किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है। यदि खरीफ के सीजन में सरकार किसानों को पर्याप्त उर्वरक नहीं दे पायेगी तो किसानों के सामने साल भर के लिये आजीविका का संकट पैदा हो जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि अभी तक सोसायटियों में खाद का न पहुंचना चिंता पैदा कर रहा। इस खरीफ सीजन में 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन खाद की आवश्यकता अनुमानित है, पर यह सरकार 50 प्रतिशत स्टाक भी नहीं जुटा पाई है। पिछले खरीफसीजन में राज्य के किसानों को 14 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता थी, साय सरकार शुरू के दो माह तक मात्र 80 हजार मीट्रिक टन ही उर्वरक दे पायी थी।

# महापौर मीनल चौबे ने फुण्डहर में यूथ हॉस्टल का निरीक्षण किया

- विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की त्वरित निदान के दिये निर्देश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 9 क्षेत्र में फुण्डहर में यूथ हॉस्टल की व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। महापौर ने वहां निवासरत लगभग 100 से अधिक संख्या में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आये विद्यार्थी युवाओं से चर्चा की एवं वहां उनकी समस्याओं की जानकारी ली। महापौर ने अधिकारियों को विद्यार्थियों की समस्याओं का निदान करने आवश्यक निर्देश दिये।

महापौर मीनल चौबे द्वारा फुण्डहर के यूथ हॉस्टल की व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, उपअभियंता अतुल बंसल की उपस्थिति रही।

महापौर मीनल चौबे ने उक्त जानकारी पर प्रसन्नता व्यक्त की कि फुण्डहर यूथ हॉस्टल में अध्ययनरत 25 युवाओं ने हाल ही में मैन्स सीजी पीएससी परीक्षा दिलवायी है। उन्होने उक्त विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

महापौर मीनल चौबे ने नक्सली प्रभावित क्षेत्रों के 100 से अधिक विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओ में सफल होने यूथ हॉस्टल फुण्डहर में रहकर मेहनत की पराकाष्ठा करने की अपील की एवं अपने गांव एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहित राजधानी शहर रायपुर का नाम प्रतियोगी परीक्षा में सफल होकर रौशन करने का संकल्प लेने का आव्हान किया।

# विजय शंकर तिवारी को जिला न्यायालय से मिली जमानत, सतीशचंद श्रीवास्तव की दलीलों को मिली अहमियत

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कसडोल थाना क्षेत्र के बहुचर्चित प्रकरण में आरोपी बनाए गए पत्रकार विजय शंकर तिवारी को जिला एवं सत्र न्यायालय से जमानत मिल गई है। विशेष सत्र न्यायाधीश अनुसूचित जाति/ जनजाति ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत आवेदन स्वीकार करते हुए रिहाई का आदेश पारित किया।

उल्लेखनीय है कि कसडोल पुलिस ने 28 जून 2026 को अपराध क्रमांक 260/2026 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए विजय शंकर तिवारी सहित पांच लोगों को आरोपी बनाया था। प्रारंभिक स्तर पर कसडोल न्यायालय में जमानत आवेदन निरस्त होने के बाद जिला एवं सत्र न्यायालय में पुन: आवेदन प्रस्तुत किया गया।









पत्रकार विजय शंकर तिवारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीशचंद श्रीवास्तव ने प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष तर्क रखा कि प्रकरण में उनके मुवक्किल की भूमिका का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विजय शंकर तिवारी एक पत्रकार हैं और उन्होंने शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर समाचार का प्रकाशन किया था, इनका उद्देश्य सिर्फ प्राप्त शिकायत पत्र के अनुसार पीड़ित का समाचार वीडियो प्रकाशन करना था इस दौरान उन्होंने किसी भी प्रकार से ब्लैकमेलिंग, धमकी, पैसो की मांग आदि हेतु किसी से संपर्क नहीं किया अपितु पीड़ित की मदद करने के उद्देश्य से बिना रुके सीधे समाचार वीडियो प्रकाशित किया है द्य पुलिस की कार्यवाही पर भी तीखी बहस हुई इसके बाद बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों पर न्यायिक दृष्टि से विचार किया जाना आवश्यक है।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश अनुसूचित जाति/ जनजाति ने विजय शंकर तिवारी को जमानत प्रदान कर दी।

# वन मंत्री केदार कश्यप ने ग्राम मसपुर में 'मायका सेंटर' का किया शुभारंभ

- गर्भवती माताओं को मिलेगी सुरक्षित मातृत्व की सुविधा



**नारायणपुर ( विश्व परिवार )।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, संसदीय कार्य एवं परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने विकासखंड ओरछा के ग्राम मसपुर में नवस्थापित मायका सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्थापित यह केंद्र दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व सुरक्षित आवास, स्वास्थ्य जांच, पोषण, परामर्श और समय पर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

उद्घाटन अवसर पर बताया गया कि मायका सेंटर में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव संभावित तिथि से 15 दिन पूर्व सुरक्षित आवास, 24म7 स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था (एचआरपी) की विशेष देखरेख, पौष्टिक भोजन, आवश्यक दवाइयां, स्वास्थ्य परामर्श, नवजात शिशु की देखभाल संबंधी जानकारी तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला अस्पताल या प्रसूति केंद्र तक रेफरल एवं परिवहन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मायका सेंटर मसपुर में वर्तमान में तीन हितग्राही भर्ती हैं। इनमें दशरी हिचामी, जुर्री ध्रुवा और सोनी ध्रुवा शामिल हैं।

# कचहरी वार्ड में आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 39 कचहरी वार्ड में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। उक्त विकास कार्य की लागत राशि 24.98 लाख रुपये है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत बुद्धेश्वर मंदिर से देवांगन दुकान तक, अमन खोटे के घर से लोकनाथ साहू के घर तक तथा रामाधार निर्मलकर के घर से अश्वनी चौधरी के घर तक आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य कराया जाएगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर एवं एमआईसी सदस्य शेखर चन्द्राकर, शिव नायक,ज्ञानेश्वर ताम्रकर,मनीष साहू,काशीराम कोसरे,शशि साहू,रंजीता पाटिल,सविता साहू,जितेंद्र ताम्रकर,सहायक अभियंता सुरेश केवलानी,उपअभियंता मोहित मरकाम सहित बड़ी संख्या में वार्ड नागरिक की उपस्थित थी।

# मुख्यमंत्री गृह सम्मान योजना के तहत पूर्ण आवास वाले हितग्राहियों का सम्मान

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है, उन्हें मुख्यमंत्री गृह सम्मान योजना के तहत नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्ण आवास वाले समस्त पात्र हितग्राहियों को सम्मान प्रदान करते हुए उनके नए आवास के लिए शुभकामनाएं दी गईं। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 76 हितग्राहियों का मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों को 'कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र' प्रदान किया गया है जिसमें नेता प्रतिपक्ष भोजराज



सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, एम आई सी सदस्य चंद्रशेखर गवई, उपायुक्त डी के कोसरिया, प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी अजीत कुमार तिग्गा, कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद प्रदीप सेन, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सामाजिक विशेषज्ञ किरण चतुर्वेदी, इंजीनियर आदित्य ठाकुर, कुणाल सिंह, अभिषेक बजाज, वास्तुविद अविनाश जैन एवं मनीष यादव के पूरे सर्वेयर उपस्थित रहे।

# अंतर्दलीय अंग्रेजी कवितापाठ, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजकुमार कॉलेज, रायपुर ने 9 और 10 जुलाई 2026 को अंतर्दलीय अंग्रेजी कविता पाठ (Recitation), भाषण (Elocution) और वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन ने छात्रों को अपने भाषा कौशल, महत्वपूर्ण विषय और सार्वजनिक रूप से बोलने की क्षमताओं को विकसित करने के लिए मंच प्रदान किया ।

प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा छठवीं से आठवीं के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रतिभागियों ने कवितापाठ और कहानियों का प्रस्तुतिकरण किया। उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन स्पष्टता, अभिव्यक्ति, विषय-वस्तु और प्रस्तुति जैसे मानकों के आधार पर किया गया। दूसरा दिन कक्षा नवमीं से बारहवीं के छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने नाटकीय एकालाप (dramatic monologues), भाषण प्रस्तुति, तात्कालिक भाषण (extempore), कविता के नाट्य रूपांतरण (Best Performing Poetry), पी.पी.टी. के माध्यम से उद्यमिता विचार (Startup Idea) और वाद-विवाद जैसे विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी। 'एआई (AI) के युग में पारंपरिक स्कूली शिक्षण प्रासंगिक है' विषय पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार व्यक्त किए।

प्रतियोगिता में ग्रुप 'स' (कक्षा छठवीं से आठवीं) से कुल 48 छात्र, ग्रुप 'व' (कक्षा नवमीं व दसवीं) से 16 और ग्रुप अ (कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं) से 20 छात्रों ने और 12 छात्रों ने उद्घोषक के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक थे डॉ. दीपाली शर्मा, डॉ. शिल्पी भटटाचार्य और श्रीमती श्राबोनी डे। निर्णायक मंडल द्वारा विद्यार्थियों की भाषाई दक्षता और प्रभावशाली अभिव्यक्ति की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई ।

## शोक संदेश

### रजनी छाबड़ा



**रायपुर।** L- 8, सेक्टर - 2, विद्या निकेतन के पास, अवंती विहार, रायपुर निवासी श्रीमती रजनी छाबड़ा (उम्र 83 वर्ष) का देहावसान हो गया है ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। अंतिम यात्रा कल दिनांक 11 जुलाई 2026 दिन शनिवार को सुबह 10:30 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम जाएगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्याः टीआरएस-बीआईए-26-27-एएमसी-क्रेन-7.**
**कार्य का नामः** "इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई में विभिन्न क्षमता और अलग-अलग मेक की EOT क्रेनों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC) 3 वर्षों के लिए।" **कार्य की लागतः** ₹ 72,30,386.62 (₹ बहत्तर लाख तीस हजार तीन सौ छियासी और बासठ पैसे मात्र)। **बोली सुरक्षा/ बयाना राशिः** ₹ 1,44,700/- (₹ एक लाख चौवालीस हजार सात सौ मात्र)। **कार्य पूर्णता अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 36 (छत्तीस) महीने। **निविदा समाप्ति की तिथि एवं समयः 01.08.2026 को 11:30 बजे।** वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते है: **http://www.ireps.gov.in**
*वरि. मंडल विद्युत अभियंता(क.च.स्टा.)/ भिलाई*
*PR/R/TRS BIA/PCN/125*
South East Central Railway @secrail

# चौरसिया कॉलोनी में पुनः की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रबाई



- अधिग्रहण हेतु अपर कलेक्टर को लिखा पत्र

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग द्वारा जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव के मार्गनिर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता श्री दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता श्री आशीष श्रीवास्तव, उपअभियंता श्री सागर ठाकुर की उपस्थिति में जोन 6 क्षेत्र अंतर्गत चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 क्षेत्र में चौरसिया कॉलोनी में लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र में पुनः की जा रही अवैध प्लाटिंग पर स्थल पर निर्मित की गयी अवैध मुरम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर एवं आवागमन अवरुद्ध करते हुए स्थल पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी. नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग द्वारा रायपुर अपर कलेक्टर को उक्त भूमि का नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत अधिग्रहण की कार्रवाई करने जोन 6 जोन कमिश्नर ने अनुरोध पत्र लिखा है.निर्देश अनुसार शीघ्र आवश्यक कार्रवाई अधिग्रहण के सम्बन्ध में की जानी प्रस्तावित है।

# अनूपपुर-कटनी रेलखंड में विकास को मिल रही है नई गति

- तीसरी लाइन, 110 किमी/घंटा गति, अमृत भारत स्टेशन योजना एवं बेहतर यात्री सुविधाओं से रेल संचालन हुआ है और अधिक सुरक्षित एवं सुगम



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत अनूपपुर (APR)-कटनी (KTE) रेलखंड में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण के विभिन्न कार्य तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं। तीसरी लाइन, गति वृद्धि, अमृत भारत स्टेशन योजना, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा संरक्षा संबंधी कार्यों के परिणामस्वरूप इस महत्वपूर्ण रेलखंड की परिचालन क्षमता, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## तीसरी लाइन से बढ़ी परिचालन क्षमता

अनूपपुर-कटनी रेलखंड पर 165.52 किलोमीटर लंबी तीसरी लाइन के चालू होने से रेल परिचालन अधिक सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध हुआ है। अतिरिक्त लाइन उपलब्ध होने से यात्री एवं मालगाड़ियों का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है। इससे लाइन क्षमता में वृद्धि हुई है तथा ट्रेनों के संचालन में गतिशीलता आई है।

रेलखंड में गति वृद्धि (Speed Raising) के अंतर्गत अनूपपुर (APR)-सिंहपुर (SNGP), लोरहा (LOA)-विलायतकलां (VYK) तथा रुपौंद (RPD)-न्यू कटनी जंक्शन (NKJ) खंडों पर 110 किमी/घंटा की गति सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। वहीं सिंहपुर (SNGP)-लोरहा (LOA) तथा विलायतकलां (VYK)-रुपौंद (RPD) खंड पर भी 110 किमी/घंटा गति लागू करने के लिए आवश्यक कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION Co. Ltd.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820
O/o Chief Engineer (Sub-station), Raipur Address-Shed No.-04, Danganiya, Raipur-492013
Website-www.cspc.co.in, E-Mail-CE.TnC@cspc.co.in, Phone-0771-2574256, Fax No.-0771-2574267

No. 02-07/Tender/P-1960/457 Raipur, Dtd. 09.07.2026

**NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)**

Tenders are invited from experienced eligible bidders for following work on contract basis :-

| S. No. | Particulars of works | Qty. | EMD (Rs.) | Last date/ time for submission of tender |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender for Loading of 132/33KV, 40 MVA X -mer, Make-EMCO, Sr. No.1272/11407 with all accessories at 132KV S/s Rajnandgaon & its transportation from 132KV S/s Rajnandgaon to 132KV S/s Dallirajhara (Approx.75 Kms.), and placing the main body of same X-mer on the plinth on wheel at 132KV S/s Dallirajhara. | 01 Job | 7,500/- | 30/07/2026 11:30 Hrs. |

NOTE :- (I) Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

SAVE ELECTRICITY Samvad- 48421/3

Chief Engineer (Sub-Station)
CSPTCL: Raipur(C.G.)

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

## शिक्षकों की मांग को लेकर छात्रों ने स्कूल में जड़ा ताला

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली विकासखंड स्थित जम्हारी हाईस्कूल में शिक्षकों की कमी से नाराज छात्रों और अभिभावकों ने शुक्रवार को स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जडक़र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षकों की शीघ्र पदस्थापना की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। जानकारी के अनुसार, जम्हारी हाईस्कूल में कई विषयों के शिक्षकों के पद लंबे समय से रिक्त हैं। इसके कारण विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों का आरोप है कि कई बार मांग उठाने के बावजूद शिक्षा विभाग ने अब तक शिक्षकों की स्थायी व्यवस्था नहीं की है।



# केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना है : मुख्यमंत्री साय

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समृध्द, शक्तिशाली एवं सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है
- भाजपा जनसेवा की भावना से कार्य करती है : किरण देव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को समस्त प्रकोष्ठों की प्रदेश कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सबसे पहले समस्त प्रकोष्ठों के नवनियुक्त संयोजक, सह संयोजक एवं पदाधिकारियों को नवीन दायित्व के लिए बधाई देते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव का विषय है कि हम सभी विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं जिसके करोड़ों सदस्य हैं। इतनी बड़ी कोई दूसरी पार्टी दुनिया में नहीं है। सबसे बड़ा लोकतंत्र भी हमारा देश है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को आज दुनिया स्वीकार कर रही है। पूरी दुनिया की निगाह भारत पर है। श्री मोदी देश को विकसित बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा करती है, तभी तो देश के 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है। प्रधानमंत्री श्री मोदी 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को मूलमंत्र मानते हुए काम कर रहे हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में समृध्द, शक्तिशाली एवं सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के 61 लाख प्राथमिक सदस्य है जिसमें से आप लोगों को यह दायित्व मिला है। विधानसभा चुनाव 2023 में मोदी की गारंटी में किए वादों की चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के अधिकतर वादों को हमने पूरा कर दिया है। हमें जनता तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जाना है और सरकार की समस्त योजनाओं को लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले, इस दिशा में काम करना है।

### भाजपा जनसेवा की भावना से कार्य करती है : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि हम विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के सदस्य हैं और इसमें मान-सम्मान सभी कार्यकर्ताओं को मिलता है। हम जन सेवा के लिए कार्य करते हैं एवं सरकार में रहकर जन सेवा को ही सर्वोपरि मानते हैं। अन्य दल सरकार बनाने के लिए कुछ भी करते हैं। श्री देव ने कहा कि 3 साल में दायित्व बदल जाता है। कोई भी अपनी निष्ठा और परिश्रम के बदौलत भाजपा में किसी भी मुकाम पर पहुँच सकता है।

## भारतीय उद्योग परिसंघ का सीआईआई एनर्जी कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल द्वारा आज कोर्टयार्ड बाय मैरियट, रायपुर में सीआईआई एनर्जी कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'प्रगति को गति, भविष्य को सुरक्षा: भारत के ऊर्जा भविष्य के केंद्र में छत्तीसगढ़।' कॉन्क्लेव में नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं एवं ऊर्जा विशेषज्ञों ने भारत के ऊर्जा संक्रमण में छत्तीसगढ़ की भूमिका पर विचार-विमर्श किया।

स्वागत भाषण में श्री बजरंग गोयल, चेयरमैन, सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा में राज्य की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। श्री शैलेंद्र शुक्ला, को-कन्वेनर, सीआईआई छत्तीसगढ़ एनर्जी पैनल ने दिन भर की चर्चाओं की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की। मुख्य भाषण में श्री के के सार्डा, पूर्व चेयरमैन, सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल ने छत्तीसगढ़ की कोयला-आधारित शक्ति के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश तेज़ करने की संतुलित रणनीति का आह्वान किया। श्री विक्रम गोयल, कन्वेनर, सीआईआई छत्तीसगढ़ एनर्जी पैनल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कॉन्क्लेव में दो तकनीकी सत्र आयोजित हुए। पहला सत्र थर्मल पावर प्लांट आधुनिकीकरण पर था, जिसका संचालन श्री पंकज सार्डा, प्रबंध निदेशक, सार्डा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड ने किया, जिसमें थर्मल परिसंपत्तियों की दक्षता सुधार एवं डिजिटलीकरण पर चर्चा हुई, तथा सीएसपीजीसीएल, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, फ्लक्सजेन सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज एवं सीमेंस एनर्जी इंडिया के पैनलिस्ट शामिल हुए। दूसरा सत्र उद्योग के लिए हरित ऊर्जा पर था, जिसका संचालन श्री विक्रम गोयल ने किया, जिसमें यह चर्चा हुई कि नवीकरणीय ऊर्जा एवं ओपन एक्सेस किस प्रकार ऊर्जा-गहन उद्योगों के डीकार्बोनाइजेशन में सहायक हो सकते हैं, जिसमें एम्पिन एनर्जी, जिंदल स्टील एवं एसआरवीज़ सोलर लिमिटेड के पैनलिस्ट शामिल थे।

## 'कॉटन सिल्क फेयर' परंपरा और आधुनिकता का भव्य आयोजन...



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शहर में कला, संस्कृति और खरीदारी का अनोखा उत्सव लेकर कॉटन सिल्क फेयर का शुभारंभ हो गया है। यह विशेष हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी 4 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक आयोजित की जा रही है। आयोजन स्थल गुरु तेज बहादुर भवन, घड़ी चौक, कलेक्टर ऑफिस के सामने है। सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहने वाला यह मेला पूरी तरह नि:शुल्क प्रवेश के साथ आमजन के लिए उपलब्ध है।

मेले में साड़ी, फर्नीचर, ज्वेलरी, होम डेकोर और लाइफस्टाइल उत्पादों की विविधता एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। आयोजकों का कहना है कि यहां आने वाले लोगों को बेहतरीन क्वालिटी के हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट उत्पाद मिलेंगे। यह न केवल पारंपरिक कला को बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहन देगा।

मेले के आयोजकों ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय हस्तशिल्प को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। उनका कहना है कि 'हम चाहते हैं कि रायपुर के कारीगरों की मेहनत और कला देशभर में जानी जाए। इस मेले के माध्यम से उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।'

## विधायक सुनील सोनी हिन्दू हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव में हुए शामिल

- दक्षिण विधायक ने छात्राओं को सरस्वती योजना अंतर्गत साइकिले प्रदत्त की, स्कूल परिसर में आम का पौधा रोपित किया, विद्यार्थियों को पुस्तके प्रदत्त कीं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम रायपुर के जोन 4 के पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के क्षेत्र के अंतर्गत बैरन बाजार हिन्दु हाई स्कूल में पहुंचकर शाला प्रवेशोत्सव में सम्मिलित हुए । रायपुर दक्षिण विधायक ने शाला प्रवेशोत्सव पर स्कूल में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत नगर निगम एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 57 पार्षद श्री अमर गिदवानी, रायपुर नगर निगम की पूर्व पार्षद एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चंद्राकर की उपस्थिति में किया एवं उन्हें नये शिक्षा सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं मन लगाकर पढाई करके अच्छे अंक लेकर अपना, अपने परिवार, नगर, राज्य का गौरव बढाने का संकल्प लेने की अपील की।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने शिक्षक, शिक्षिकाओं को बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर श्रेष्ठ नागरिक बनाने का देश व समाज हित में कार्य करने का संकल्प लेने की अपील की।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने शाला प्रवेशोत्सव के दिन हिन्दु हाई स्कूल की छात्राओं को सरस्वती योजना अंतर्गत साईकिले प्रदत्त की। रायपुर दक्षिण विधायक ने स्कूल परिसर में शाला विकास समिति अध्यक्ष, एमआईसी सदस्य व वार्ड पार्षद, स्कूल प्राचार्य, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, विद्यार्थियों के साथ मिलकर आम का पौधा रोपित किया एवं स्कूल परिसर में आज रोपित किये गये प्रत्येक पौधे के वृक्ष बनते तक उसकी समुचित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों से की। रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने हिन्दू हाई स्कूल के विद्यार्थियों को शाला प्रवेश दिवस पर सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत अध्ययन हेतु पुस्तके प्रदत्त की।

## कांग्रेस एक भ्रष्टाचारी को बचाने के लिए धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर रही है: मिश्रा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी को लेकर दो टूक कहा है कि जो भी कांग्रेस नेता इस भ्रष्टाचार में शामिल या हिस्सेदार हैं, वे स्वयं होकर अपना अपराध स्वीकार कर लें तो यह प्रदेश व जनता के हित के नजरिए से श्रेयस्कर होगा अन्यथा पुलिस तो अपना काम कर ही रही है और पुलिस अपना सब काम बिल्कुल पूरे साक्ष्यों के साथ कर रही है, कहीं पर भी लुका-छिपी जैसा कुछ भी नहीं है। डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट तौर पर कहा कि पूछताछ में तो अग्रवाल खुद ही बता देंगे कि कौन-कौन मिल-बाँटकर पैसा लेते थे, खाते थे और पैसा आता था। आरोपी अग्रवाल के मामले में अब न्यायालय निर्णय करेगा कि इनको कितनी सजा देनी है और क्या करना है? यह न्यायालय का काम है, लेकिन जनता का पैसा यूँ ही कोई लूटकर ले जाए, तो सरकार उसको छोड़ेगी नहीं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने शुक्रवार को यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह गम्भीर और महत्वपूर्ण मामला है। सन् 2023 तक जब प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार थी, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल द्वारा जिस तरह लेवी का पैसा, राइस मिलर्स के कस्टम मिलिंग का पैसा, शराब का पैसा पकड़ा गया जो बेनामी तरीके से सूर्यकांत तिवारी की मिली डायरियों में रिकॉर्ड रहा। इन डायरियों में यह भी दर्ज है कि भ्रष्टाचार का पैसा कैसे आया और किसे कितना रुपया दिया गया? इन तथ्यों के प्रकाश में आने के बाद कुछ डिजिटल डॉक्यूमेंट्स के जरिए यह भी खुलासा हुआ है कि पैसा किस माध्यम से कैसे-कैसे आया? इस मामले में पुलिस लगातार अग्रवाल की खोज कर रही थी और अग्रवाल 3 साल भागते रहे और अंतिम में दबाव में जाकर अपनी गिरफ्तारी दी और गिरफ्तारी देने के बाद पुलिस उनसे लगातार पूछताछ कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने इस मामले में कांग्रेस की राजनीतिक दुविधा पर करारा कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की ऐसी दशा है कि जिस रामगोपाल अग्रवाल को कल तक वह अपना कोषाध्यक्ष बताती नहीं थक रही थी।

## झेंझरी इंटक वेल का पाइप फटने से जलापूर्ति बाधित, नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की सूचना पर नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने झेंझरी स्थित इंटक वेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इंटक वेल का मुख्य पाइप फट जाने के कारण नगर तक पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है।



निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, उप अभियंता सचिन भागवत, ओम ओबेरॉय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों को पाइप की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर तत्काल प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि नगरवासियों को जल्द से जल्द नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल की जा सके।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को मरम्मत कार्य की सतत निगरानी करने तथा जलापूर्ति शीघ्र सामान्य करने के लिए आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक सहयोग एवं संयम बनाए रखें। जलापूर्ति बहाल करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर ग्रेटर का भव्य पदस्थापना समारोह सम्पन्न

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर ग्रेटर का पदस्थापना समारोह शुक्रवार को गरिमामय एवं भव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में 200 से अधिक रोटेरियन्स एवं उनके परिवारजनों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण कर आगामी रोटरी वर्ष के लिए सेवा, नेतृत्व एवं समाजहित के संकल्प लिए। समारोह में रोटेरियन संजय करकरे ने क्लब के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनके साथ रोटेरियन बीरेन्द्र शर्मा ने सचिव तथा रोटेरियन मोनेंद्र छाबड़ा ने कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ली। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रोटेरियन संजय करकरे ने कहा कि आगामी वर्ष में क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, जल संरक्षण एवं सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में कई लैंडमार्क सेवा प्रोजेक्ट्स संचालित करेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से टीम भावना, सेवा समर्पण एवं नवाचार के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि DGE रोटेरियन भानु प्रताप सिंह चौधरी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि 'रोटरी कोई क्लब नहीं, बल्कि सेवा का एक परिवार है।

## वी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध वी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयकर विभाग सिविल लाइन रायपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयकर विभाग के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री संजीव जी तथा प्रधान आयुक्त श्री मुनिश कुमार जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

रायपुर के स्टाफ एवं अधिकारियों के साथ वहां पहुंचे लोगों ने भी शिविर में पहुंचकर आयोजन का लाभ उठाया एवं अपने स्वास्थ्य का नि:शुल्क परीक्षण करवाया।

वी केयर हॉस्पिटल के एडमिन हेड श्री अमित दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि वी केयर हॉस्पिटल एवं आयकर विभाग सिविल लाइन रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार 10 जुलाई 2026 को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वी केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विवेक पांडे ने सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की



सलाह के साथ ही स्वास्थ्य वर्धक टिप्स भी दिए।

शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक पांडे तथा जनरल मेडिसिन एवं डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ अनीस सिद्दीकी ने अपनी सेवाएं दी साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं BMI जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

श्री दुबे ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में वी केयर हॉस्पिटल के स्टाफ ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया। शिविर में लगभग 200 से 250 लोगों ने हिस्सा लिया एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला।

## मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को रेलमंत्री राजभाषा पुरस्कार

**बिलासपुर।** रेलवे में हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड एवं उससे उच्चतर स्तर के अधिकारियों को रेल मंत्री राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। ये पदक



उन उच्च अधिकारियों के प्रदान किये जाते हैं जिनका अपने कार्यक्षेत्र में हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ाने में उत्कृष्ट योगदान रहा है और जो अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित करते हैं, साथ ही वे स्वयं भी हिंदी में कार्य करते हैं। बिजय कुमार, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा वर्ष 2024 में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (विपणन) पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के पद पर रहते हुए राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किया गया है।

## नक्सल समाप्ति के दावे को 100 दिन पूरा, बस्तर के लिए क्या कार्ययोजना बनी: बैज

- नक्सल मुक्त पंचायतों को 1 करोड़ रू. क्यों नहीं दे रहे?
- बस्तर में शांति स्थापना की नींव 2018 से 2023 के बीच कांग्रेस सरकार के समय रखी गयी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भाजपा सरकार के दावे छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो गया है के 100 दिन पूरे हो गये है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने वादा किया था कि बस्तर कके विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जायेगी। कहां है वह कार्ययोजना, मुख्यमंत्री जब दिल्ली जाते है तब बयान देते है बस्तर के विकास के लिए विशेष ब्लूप्रिंट तैयार है, उसे दिल्ली जा रहे है, तीन बार गये लेकिन वह ब्लूप्रिंट सामने नहीं आया। भाजपा की डबल इंजन की सरकार कब तक बस्तर के लोगों को ठगते रहेगी?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा बस्तर में शांति बहाली के लिए भले अपनी पीठ थोपे लेकिन उसकी ठोस नींव 2018 से 2023 के बीच कांग्रेस सरकार के समय विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूलमंत्र के साथ रखी गयी थी। भाजपा यह भी न भूले कि 2003 में रमन सरकार के आने के पहले छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद बस्तर के तीन ब्लाक में था भाजपा के राज में ही 14 जिलों



तक पहुंचा था। सरकार ने खुद घोषित किया था, बस्तर का जो गांव नक्सल मुक्त हो जाएगा उसको 1 करोड़ रू. प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, राज्य के गृह मंत्री से लेकर पूरी सरकार यह बयान दे रही है कि बस्तर सहित पूरा प्रदेश नक्सल मुक्त हो गया है, तब सरकार अपनी घोषणा के अनुसार बस्तर संभाग के सभी गांवों के लिए तुरंत 1 करोड़ रू. की राशि जारी किया जाए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार तत्काल विशेष आर्थिक पैकेज की भी घोषणा करे, ताकि बस्तर को विकास की मुख्यधारा में लाया जा सके। बस्तर की खूबसूरती की रक्षा के साथ यहां के युवाओं के लिए रोजगार और वनोपज आधारित उद्योगों के लिए सरकार विशेष कार्य योजना बनायें। बस्तर के युवाओं के लिए नौकरी के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाये सरकार।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में खोला जाना चाहिए। एनएमडीसी भारत की वह नवरत्न कंपनी है जो लौह अयस्क तो बस्तर से निकलती है और उसे दुनिया भर में भेजती है, परंतु अपना मुख्य कार्यालय बस्तर की बजाए तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में बनाए बैठी है, पूर्व में बस्तर में यातायात के अभाव से यह निर्णय ठीक लगता था परंतु वर्तमान में बस्तर भी अब सर्वसुविधायुक्त बन चुका है, एनएमडीसी को अपना मुख्यालय अब बस्तर में बनाना चाहिए ताकि बस्तर के बेरोजगार युवाओं के लिए एनएमडीसी में रोजगार का द्वार खुल सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर के निवासी इस बात के लिए आशंकित है कि सरकार बस्तर की खनिज संपदा को बस्तर के पहाड़ों और जंगलों को निजी उद्योगपतियों को सौंप सकती है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354